राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 245
लखनऊ, शुक्रवार 8 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शिक्षाध्ययन को स्कूल गये बच्चों से भरवाया जा रहा पानी 10
20 नवम्बर तक हरहाल में पूरी की जाएं परियोजनाएं : जयवीर सिंह 03

# सीएम ने किया जनगणना-2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ

## जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, समग्र और समावेशी विकास का आधार : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर कार्यक्रम में 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' की भावना के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं हैबल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है। आज का युग डेटा आधारित निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनगणना यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके।



- हर प्रदेशवासी जनगणना में करे सहभाग, दें सही जानकारी
- 'हमारी जनगणना- हमारा विकास' के संकल्प के साथ शुरू हुआ मकान सूचीकरण कार्य

उत्तर प्रदेश की वर्तमान अनुमानित जनसंख्या 25 करोड़ 70 लाख है। जनगणना कार्य प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 अन्य नगरीय निकायों, 21 छावनी परिषदों, 57,694 ग्राम पंचायतों तथा लगभग 1 लाख 4 हजार राजस्व ग्रामों में संपादित किया जाएगा। इस व्यापक कार्य के सफल संचालन हेतु लगभग 5.47 लाख कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर तथा 12 हजार राज्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 5.35 लाख कार्मिकों को दोनों चरणों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति केवल एक ही स्थान पर अपनी गणना कराए तथा सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराए, ताकि विकास योजनाओं की सटीक एवं प्रभावी रूपरेखा तैयार की जा सके।

मुख्यमंत्री ने जनगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

### आमजन को 21 मई तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य संपादित होंगे। आमजन को 7 मई से 21 मई तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके उपरांत फील्ड कार्य के अंतर्गत जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस बार जनगणना में जातीय गणना को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही पहली बार वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। वर्तमान समय में रियल टाइम डेटा अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया गया है। इसके लिए एक विशेष जनगणना पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम एवं वार्ड स्तर तक कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी।



-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,53,150/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,400/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,900/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,70,000/किग्रा |

## खेती को खेत तक सीमित नहीं रखा जा सकता : शिवराज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान में गुरुवार को आयोजित फ्रूट होराइजन 2026 कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अब केवल ज्यादा उत्पादन से बात नहीं बनेगी, बल्कि भारत को वैश्विक फल बाजार में मजबूत पहचान दिलाने के लिए गुणवत्ता, शेल्फ लाइफ, प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और निर्यात मानकों पर गंभीरता से काम करना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने जोर दिया कि खेती को खेत तक सीमित नहीं रखा जा सकता। अब उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग, बाजार और निर्यात तक पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना समय की मांग है। इस कार्यक्रम में किसानों के साथ ही फल उत्पादन तथा निर्यात सहित इसके कारोबार से जुड़े सभी हितधारकों के साथ सीधा संवाद करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि भारत अगर दुनिया के फल बाजार में आगे बढ़ना चाहता है, तो फलों की गुणवत्ता सुधारना सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि शेल्फ लाइफ बढ़ाने, निर्यात के दौरान गुणवत्ता बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादन करने पर अब विशेष ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वैज्ञानिक संस्थान, निर्यातक, एपीडा और अन्य संबंधित एजेंसियां मिलकर एक टास्क फोर्स बनाएंगी। यह टास्क फोर्स उत्पादकों और निर्यातकों की समस्याओं का समाधान करने तथा एक प्रभावी और समयबद्ध एक्शन प्लान तैयार करने का काम करेगी, ताकि किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से किसान, वैज्ञानिक, निर्यातक, नर्सरी संचालक, एफपीओ, फल प्रसंस्करण क्षेत्र के प्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों के प्रतिभागी शामिल हुए। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही और दिनेश प्रताप सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे।



- वैश्विक फल बाजार में पहचान के लिए गुणवत्ता, प्रोसेसिंग और निर्यात मानकों पर देना होगा जोर

### उत्तर प्रदेश को विशेष रूप से मजबूत बनाने का फैसला

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि किसानों की जरूरतों को देखते हुए केन्द्र सरकार ने क्लीन प्लांटिंग मैटेरियल कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश को विशेष रूप से मजबूत बनाने का फैसला किया है। इसी क्रम में केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ में आधुनिक क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किया जा रहा है, जहां आम, अमरूद, लीची और एवोकाडो जैसी फल फसलों के लिए रोगमुक्त और नस्ल-शुद्ध पौध सामग्री तैयार और संरक्षित की जाएगी। चौहान ने कहा कि भारत को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना है तो जीरो रिजेक्शन और प्रीमियम क्वालिटी वाले फलों के उत्पादन पर खास ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, बेहतर पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन, पैकहाउस, प्रसंस्करण सुविधाएं और निर्यात के लिए व्यावहारिक एसओपी तैयार करके भारतीय बागवानी क्षेत्र को नई ऊंचाई दी जा सकती है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने छोटे किसानों को बेहतर बाजार और निर्यात से जोड़ने में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में यह भी रेखांकित किया गया कि राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा कई निर्यातोन्मुख क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं और उत्तर प्रदेश में आधुनिक रेडिएशन तथा इंटीग्रेटेड पोस्ट-हार्वेस्ट सुविधाओं, खासकर जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी पहल को आगे बढ़ाना इस दिशा में अहम कदम होगा।

### यूपी में समाप्त हुई स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था : ए.के. शर्मा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आम विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में संचालित स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था को समाप्त कर सभी स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में औपचारिक आदेश भी जारी कर दिए गए हैं तथा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्थापित सभी स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड मोड में परिवर्तित किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगमों तथा केस्को कानपुर में लागू यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि अब मई-2026 की विद्युत खपत का बिल जून-2026 में पोस्टपेड प्रणाली के अंतर्गत जारी किया जाएगा तथा उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस एवं व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्मार्ट पोस्टपेड बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक जारी किए जाएंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया- सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। श्री मोदी ने कहा कि एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया। इसने हमारे सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता, तैयारी और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारे बलों के बीच बढ़ती संयुक्तता को प्रदर्शित किया और यह रेखांकित किया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज एक वर्ष बाद भी भारत आतंकवाद को पराजित करने और उसके समर्थक तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प पर पहले की तरह अडिग हैं।

**पीएम ने एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर ऑपरेशन सिंदूर की:-** पीमए मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर ऑपरेशन सिंदूर कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।

### ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का सशक्त प्रतीक : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा है कि इसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर हम अपने सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हैं, जिनका साहस और समर्पण निरंतर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इस अभियान के दौरान उनके कार्यों ने अद्वितीय सटीकता, सेवाओं के बीच निर्बाध संयुक्तता और गहरे समन्वय का परिचय दिया, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का एक सशक्त प्रतीक है, जो दर्शाता है कि हमारे सशस्त्र बल हर महत्वपूर्ण क्षण में निर्णायक कार्रवाई करने के लिए सदैव तैयार हैं। यह भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रगति का भी प्रमाण है, जो क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय दृढ़ता को भी सुदृढ़ कर रही है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए पिछले वर्ष आज के दिन ही ऑपरेशन सिंदूर चलाया था।

### चुनाव बाद 5 राज्यों से हटाई गई आदर्श आचार संहिता, पश्चिम बंगाल की फलता सीट पर जारी रहेगी




**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों तथा विभिन्न राज्यों की विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के बाद गुरुवार को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की घोषणा की है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संबंधित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई है। हालांकि पश्चिम बंगाल की 144-फलता विधानसभा सीट पर आयोग द्वारा पुनर्मतदान का आदेश दिए जाने के कारण वहां आचार संहिता प्रभावी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा एयरपोर्ट से 15 जून को पहली उड़ान, टिकट की बुकिंग शुरू

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 जून को पहली फ्लाइट बेंगलुरु के लिए जाएगी। यह फ्लाइट लखनऊ से नोएडा हवाई अड्डे होकर बेंगलुरु जाएगी। इसके लिए टिकट की बुकिंग शुरू हो गई है। पहली फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की होगी। अकासा और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने नोएडा एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने की तिथि अभी घोषित नहीं की है। नोएडा हवाई अड्डे को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो से एयरपोर्ट सिक्योरिटी प्रोग्राम अप्रूवल मिलने के बाद इंडिगो ने 15 जून से विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। गुरुवार शाम को हवाई अड्डे से पहली फ्लाइट का शेड्यूल भी घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट लखनऊ से नोएडा एयरपोर्ट आएगी और यहां से बेंगलुरु जाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि यह फ्लाइट सुबह आठ बजे के करीब यहां पहुंचेगी और कुछ देर नोएडा एयरपोर्ट पर रुकने के बाद बेंगलुरु के लिए रवाना हो जाएगी। देश के अन्य शहरों के लिए फ्लाइट शेड्यूल भी देर रात तक सामने आ जाएगा। दिल्ली एनसीआर के यात्रियों के लिए देश के प्रमुख शहरों जैसे नवी मुंबई, कश्मीर, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, जयपुर, बंगलुरू, अहमदाबाद, गोवा के लिए उड़ाने शुरू करने की तैयारी है।

### 31.61 लाख रुपये मूल्य के नकली 'अल्कलाइन वाटर' जब्त

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय ने एक उपभोक्ता शिकायत के आधार पर 'अल्कलाइन वाटर' निर्माता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत एफएसएसएआई ने लगभग 31.61 लाख रुपये मूल्य का स्टॉक जब्त कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई शुरू की। प्रयोगशाला जांच में उत्पाद में फुल्विक एसिड की मौजूदगी की पुष्टि हुई, जो वर्तमान एफएसएसएआई नियमों के अनुरूप नहीं है। जांच में यह भी पाया गया कि यह तत्व काले खनिज पदार्थ मिलाने से उत्पन्न हुआ था और पानी में स्वाभाविक रूप से मौजूद नहीं था, जो सुरक्षा मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। एफएसएसएआई ने बताया कि यह शिकायत फूड सेफ्टी कनेक्ट पोर्टल के माध्यम से दर्ज की गई थी, जिसमें खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) द्वारा शिकायतों का समाधान न करने की बात सामने आई थी। इसके बाद गुजरात के वडोदरा जिले के सावली स्थित निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान उत्पाद की पैकेजिंग पर सामने की ओर उत्पाद का नाम नहीं पाया गया, सामग्री की घोषणा अनुपस्थित थी तथा तैयार उत्पाद में काले कण दिखाई दिए। तकनीकी जांच में कई अनियमितताएं सामने आईं, जिनमें अस्पष्ट काले-भूरे रंग, तलछट की मौजूदगी तथा प्राथमिक और द्वितीयक पैकेजिंग के विवरण में विरोधाभास शामिल थे।

## बंगाल चुनाव में हुई माफियागिरी : अखिलेश

- पश्चिम बंगाल में ममता-अभिषेक से मिले अखिलेश यादव

**एजेंसी, कोलकाता।**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मल्टी लेवल माफियागिरी होने का आरोप लगाया है। गुरुवार को कालीघाट में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि बीजेपी, आयोग और उनके साथियों ने मिलकर खेल किया है। सारे वोट लूट लिये गये हैं।

गुरुवार को ममता के घर में प्रवेश करते वक्त अखिलेश ने अभिषेक से कहा कि आपने अच्छा संघर्ष किया। समाजवादी पार्टी प्रमुख का स्वागत करते हुए ममता ने कहा कि हम तो हार गए हैं। जवाब में अखिलेश ने कहा कि नहीं, आप हारे नहीं हैं। घर के अंदर दाखिल होने के बाद अखिलेश ने दावा किया कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी ने कुछ नौकरशाहों से कहा था कि अगर तृणमूल चुनाव हार गई तो उन्हें अच्छी पोस्टिंग दी जाएगी।



## हमीरपुर नाव हादसा : पांच बच्चों समेत छह शव बरामद

- प्रभावित परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे प्रभारी मंत्री

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में कुरारा थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर मजरा भौली में बुधवार देर शाम यमुना नदी में हुए नाव हादसे में गुरुवार को मृतकों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। गुरुवार शाम एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की संयुक्त टीम ने लापता छठवें बच्चे का शव भी बरामद कर लिया। नाव हादसे का संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य करने के निर्देश दिए थे।



घटनाक्रम के अनुसार शादी समारोह में शामिल होने आए कुछ लोग शाम को तरबूज खाने के लिए नाव से नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान बीच नदी में नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। नाव में कुल नौ लोग सवार थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड पीएसी तथा स्थानीय गोताखोरों की टीम ने लगातार सर्च अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार हादसे में तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर सीएचसी कुरारा भेजा गया। वहीं सर्च अभियान के दौरान बृजरानी पत्नी पप्पू निषाद (35), अर्चना पुत्री सर्वेश (14), रानी पुत्री बच्चन (9), आकांक्षा पुत्री रामहित (9), लव्यांश पुत्र पप्पू (5) घाटमपुर कानपुर नगर निवासी गौरे उर्फ आदित्य (12) पुत्र महेश का शव बरामद किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा, जिलाधिकारी अभिषेक गोयल तथा पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने किया। अधिकारियों ने राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इधर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति तथा क्षेत्रीय विधायक मनोज प्रजापति भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहायता व मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

## यूपी दरोगा भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने गुरुवार को यूपी दरोगा भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की फाइनल आंसर की (उत्तर कुंजी) भी जारी कर दी गई है।

बोर्ड के मुताबिक, लिखित परीक्षा में कुल 12,333 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। अब ये सभी उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन (डीवी), शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) और शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के लिए तैयार हो सकते हैं। बता दें कि सफल अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट आसानी से देख सकते हैं।

भर्ती बोर्ड के मुताबिक, दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक मानक परीक्षण का आयोजन मई 2026 के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। इस चरण में उम्मीदवारों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, जाति प्रमाण-पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। साथ ही उनकी लंबाई, सीना और अन्य शारीरिक मानकों की भी जांच होगी। जो अभ्यर्थी इन चरणों में सफल होंगे, उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) में शामिल किया जाएगा। बोर्ड ने कहा है कि डीवी/पीएसटी और पीईटी की विस्तृत तिथि और कार्यक्रम जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से बोर्ड की वेबसाइट चेक करते रहें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें।

बताते चलें कि यह भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के बाद सबसे बड़ी भर्तियों में से एक है। सफल अभ्यर्थियों में खुशी की लहर है, जबकि असफल उम्मीदवार अब अगली भर्ती की तैयारी में जुट गए हैं।



- 12,333 अभ्यर्थी सफल
- दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक मानक परीक्षण का आयोजन मई 2026 के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित

**समझौता** — मानव अंतरिक्ष उड़ान और नए प्रयोगों पर सहयोग

## भारत-फ्रांस के बीच अंतरिक्ष व एआई क्षेत्र में सहयोग को लेकर सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और फ्रांस ने विज्ञान, अंतरिक्ष और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में अपने सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई है।

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को फ्रांस के उच्च शिक्षा, अनुसंधान और अंतरिक्ष मंत्री प्रो. फिलिप बैप्टिस्ट के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अहम बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच चल रही परियोजनाओं की समीक्षा और भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

बैठक में दोनों पक्षों ने माना कि भारत-फ्रांस विज्ञान और अंतरिक्ष सहयोग अब एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी का रूप ले चुका है। यह सहयोग सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि नवाचार, शोध और वैश्विक चुनौतियों के समाधान की दिशा में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच बढ़ता सहयोग दोनों देशों की वैज्ञानिक क्षमता को मजबूत कर रहा है और इससे वैश्विक स्तर पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस ने वर्ष 2026 को भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस पहल का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एप्लाइड मैथमेटिक्स, डिजिटल साइंस जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध और नई तकनीकों का विकास करना है।



विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि बैठक में कई प्रमुख संयुक्त मिशनों और परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनमें मेघा-टॉरपीक्स, तृष्णा, सरल शामिल है। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी सीएनइएस लंबे समय से मिलकर काम कर रही हैं।

फ्रांस ने भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन में सहयोग देने की प्रतिबद्धता दोहराई और इसे मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में एक बड़ा अवसर बताया। फ्रांस ने भारत के साथ मिलकर मानव अंतरिक्ष उड़ान में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। इसमें अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण, माइक्रोग्रैविटी प्रयोग, दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशन पर शोध शामिल है। भारत ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया और भविष्य में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई। मंत्रालय ने बताया कि बैठक में स्पेस फॉर ओसिएन एलायंस के तहत समुद्री डेटा साझा करने पर भी चर्चा हुई । भारत ने अपने डीप ओसिएन मिशन और विशाल समुद्री क्षेत्र को इस सहयोग का बड़ा आधार बताया।

# भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग योजना व जिला कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

- संगठन की मजबूती अनुशासन और जमीनी सक्रियता ही सफलता की कुंजी है: शिवभूषण सिंह




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भाजपा का प्रस्तावित जिला प्रशिक्षण वर्ग योजना व जिला कार्यसीमित की बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री /जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष बाराबंकी अवधेश श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों पर माल्यार्पण व वंदेमातरम गीत के साथ किया। कार्यक्रम पांच सत्रों में जिला प्रशिक्षण वर्ग व भूमिका तकनीक प्रशिक्षण की जानकारी संचालन समित, व्यवस्था समित की बैठक वर्ग व्यवस्था संचालन की चर्चा मुख्य बिंदु रहे। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती अनुशासन और जमीनी सक्रियता ही सफलता की कुंजी है। कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत है और इसके समर्पण से ही संगठन आगे बढ़ता है उन्होंने जनसंपर्क सेवा कार्य और संगठन विस्तार पर विशेष बल दिया।पूर्व जिलाध्यक्ष बाराबंकी अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण व व्यापक आंदोलन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और नियमित रूप से कार्य सीमित बैठकर आयोजित करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा की प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की मूल ताकत को और मजबूत करने का माध्यम है यह सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि कार्यकर्ता निर्माण को गंभीर प्रक्रिया है। प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासित कार्यकर्ताओं और राष्ट्र व समाज के लिए समर्पित आदर्श नागरिकों का निर्माण होता है। प्रशिक्षण वर्ग को कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की जीवंत साधना के रूप में देखा जाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, बलहा विधायक सरोज सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष संचित सिंह, जिला महामंत्री रण विजय सिंह, सुबेध वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष हेमा निगम, डिंपल जैन, राघवेंद्र सिंह, केके कुमार, कन्हैया सोनी, रामनिवास जायसवाल,आलोक जिंदल, अजय प्रताप सिंह, अमित वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला सह मीडिया प्रभारी अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर मौत

- झाला तरहर के पास हुआ दर्दनाक सड़क हादसा




**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर करीब 1 बजे झाला तरहर के पास मोटरसाइकिल संख्या क्क 40 क्क्क3590 हीरो एचएफ डीलक्स से जा रहे ननके पुत्र सियाराम उम्र करीब 40 वर्ष तथा सूका पत्नी सियाराम उम्र करीब 65 वर्ष निवासी वीरपुर रुकनपुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हाइकोर्ट के आदेश पर कब्रिस्तान की उठी दीवार पर चला बुलडोजर

## गांव में ही बने 5 मकान ढहा दिए, नवीन प्रति पर बने हुए थे घर

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार को तहसील पयागपुर के अंतर्गत ग्राम सचौली में बुलडोजर कार्यवाही की गई। जिसके अंतर्गत सचौली ग्राम में पयागपुर हुजूरपुर मार्ग पर बने कब्रिस्तान की चारदीवारी गिरा दी गई। हाई कोर्ट के आदेश अनुसार पूर्व में ही सूचना दी जा चुकी थी लेकिन चारदीवारी न हटाए जाने पर आज बुलडोजर से दहा दी गई। अवैध निर्माण रास्ते पर बना हुआ था जो पूर्णतया अवैध था। बुलडोजर की आगे की कार्यवाही सचौली गांव में ही 5 मकान ढहा दिए गए। जिसमें यह मकान नवीन प्रति पर बने हुए थे बुलडोजर कार्यवाही करते हुए नकछेद, असगर अली , गुड्डू, मुस्तफा नेवाजी, चांद अली, मुख्तियार के मकान गिरा दिए गए एसडीएम पयागपुर अश्विनी कुमार ने बताया की सभी लोगों को पूर्व में सूचना दी जा चुकी थी लेकिन अतिक्रमण न हटाए जाने पर बुलडोजर की कार्यवाही करनी पड़ी इस मौके पर तहसीलदार पयागपुर अम्बिका चौधरी, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष पयागपुर दीपक सिंह, लेखपाल ,नगर पंचायत पयागपुर के समस्त कर्मचारी व भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रही।

# बिना काम चल रहा श्रमिक उपस्थिति, बीडीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। हर दिन नए मामले उजागर हो रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। शिकायतों के बावजूद केवल खानापूर्ति कर कार्रवाई का दावा किया जा रहा है। ताजा मामला ब्लॉक क्षेत्र की बहोरिकापुर ग्राम पंचायत का है, जहां मनरेगा के तहत 39 श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जा रही है। आरोप है कि मौके पर कोई कार्य ही संचालित नहीं हो रहा है और न ही कोई श्रमिक काम करता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि श्रमिकों की सूची में ऐसी महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जो चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं।

# महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव कार्यक्रम आज से शुरू

- तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जाएगा विजयोत्सव
- अष्टावक्र ऋषि के तपोस्थली चितौरा झील के तट पर होगा आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्र रक्षक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव कार्यक्रम चितौरा झील स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक पर मनाया जाएगा। यह जानकारी समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने दी। समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राष्ट्र रक्षक वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 मई दिन शुक्रवार को श्री रामचरितमानस अखंड पाठ से होगा तथा 9 मई को मानस पाठ का समापन एवं यज्ञ होगा तथा सांय 4 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होगा। तदुपरांत सांय 6 बजे महाआरती होगी। समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप ने बताया कि 10 मई दिन रविवार को महाराजा सुहेलदेव जी का विजयोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में दोपहर 2:00 बजे से भजन संध्या तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों द्वारा महाराजा सुहेलदेव के जीवन कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।

इसके उपरांत प्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन होगा।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित बोलेरो दो बाइक व साइकिल को रौंदते हुए घुसी चाय की दुकान में, दस घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आई टी आई चौराहे के निकट स्थित एक निजी नर्सिंग होम के पास बृहस्पतिवार की देर शाम को अयोध्या की तरफ से आ रही एक बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर एक चाय की दुकान में घुस गई। चाय की दुकान में चाय पी रहे दस लोग उस के चपेट में आकर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। बोलेरा गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि चाय की दुकान के पास खड़ी दो बाइक और एक साइकिल को भी रौंद दिया। इस से अफरा तफरी मच गई। घायलों में तरब गंज थाना क्षेत्र के बक्सैला गांव के निवासी 35 वर्षीय रमेश प्रजापति पुत्र राम किशोर 35 वर्षीय चंद्र पाल पुत्र राजा राम परस पुर थाना क्षेत्र के सकट पुर सरैया गांव के निवासी 26 वर्षीय कन्हैया लाल पुत्र राम जियावन 25 वर्षीय जगराम पुत्र बाबू चंद्र कृष्ण मोहन पुत्र सुभाष चन्द्र कोतवाली देहात के भगहर बुलंद गांव के निवासी 19 वर्षीय रिंकी पुत्री पवन कुमार कौड़ियां थाना क्षेत्र के कटैया गांव के निवासी 13 वर्षीय हसन पुत्र इमरान नगर कोतवाली क्षेत्र के राधे पुरवा गांव के निवासी 38 वर्षीय नूर मोहम्मद और उनकी पत्नी फूल जहां बहराइच जिले के रिसिया थाना क्षेत्र के डिहवा गांव के निवासी 18 वर्षीय आसिफ पुत्र बैजू घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। घायल अवस्था में रमेश प्रजापति ने बताया कि नर्सिंग होम में उस के रिश्तेदार भर्ती थी जिनको देखने के लिए आए थे। नर्सिंग होम के पास ही चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे और लोग भी दुकान के पास खड़े थे। बोलेरो गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोग कुछ समझ नहीं पाए। चालक गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गया।

### खरीफ सीजन में सहकारी समितियों पर खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए विशेष पहल, कृषकों की सुविधा के लिए ऐप लॉन्च

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद में खरीफ सीजन के दौरान सहकारी समितियों पर उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसान हितैषी बनाने हेतु जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए विशेष मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी द्वारा विकास खंड गैंडास बुजुर्ग के ग्राम ईटई रामपुर के 100 कृषकों को खाद प्राप्त किए जाने की तिथि एवं समय से संबंधित मैसेज भेजकर ऐप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है, जिससे किसानों को खाद प्राप्त करने हेतु समितियों पर लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। अब कृषकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज एवं कॉल के माध्यम से खाद प्राप्ति की तिथि एवं समय की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे भीड़ नियंत्रण के साथ पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि जनपद की 73 सहकारी समितियों पर समिति सदस्य कृषकों को इसी ऐप आधारित प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण किया जाएगा। सभी सदस्य कृषकों के रकबे एवं अन्य आवश्यक विवरण ऐप में फीड किए जा चुके हैं। सहकारिता विभाग द्वारा कृषकों को कार्ड भी वितरित कर दिए गए हैं, जिसके माध्यम से किसान केवल कार्ड दिखाकर निर्धारित समय पर खाद प्राप्त कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था से खाद वितरण प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी तथा किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा एवं परेशानी से राहत मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा यह पहल कृषक हितों को ध्यान में रखते हुए डिजिटल एवं स्मार्ट व्यवस्था के रूप में लागू की गई है, जिससे खाद वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस दौरान उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### एवरेस्ट बेस कैंप के लिए रवाना हुईं जनपद की बेटियां

**बलरामपुर।** जनपद में महिला सशक्तिकरण एवं 'सशक्त बेटियां, सशक्त बलरामपुर' की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के अंतर्गत जनपद की तीन प्रतिभाशाली छात्राएं एवरेस्ट बेस कैंप अभियान के लिए रवाना हुईं। इस अवसर ने जनपदवासियों में गर्व एवं उत्साह का वातावरण उत्पन्न कर दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पचपेड़वा की छात्रा नीलांशु, डीएवी इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियंका उपाध्याय एवं कंपोजिट स्कूल रामनगरा की छात्रा प्रियंका प्रजापति को कलेक्ट्रेट परिसर से माननीय विधायक बलरामपुर सदर श्री पल्टूराम, माननीय विधायक तुलसीपुर श्री कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्राओं के साथ कोच, हैंडबॉल स्पोर्ट्स स्टेडियम की प्रशिक्षक हिना खातून भी अभियान के लिए रवाना हुईं। इस दौरान छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# सेमरौना में भीषण आग से पूरा घर राख, 14 बकरियां जिंदा जलीं

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के ब्लॉक विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरौना मे अचानक लगी भीषण आग ने एक परिवार की पूरी गृहस्थी उजाड़ दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हनुमान प्रसाद गौतम के घर में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों में घर का सारा सामान, छप्पर, राशन सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं जलकर खाक हो गईं। इस दर्दनाक हादसे में 14 बकरियां भी आग की चपेट में आकर जिंदा जल गईं, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल राहत एवं मुआवजे की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार को इस संकट की घड़ी में सहारा मिल सके।

# एएचटी, एसजेपीयू की मासिक समीक्षा व समन्वय बैठक का हुआ आयोजन

- बाल श्रम के प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही करने के लिए की विस्तृत चर्चा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसजेपीयू व थाना एएचटी की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक क्षेत्राधिकारी आंकिक/यातायात राज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसओपी में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन के लिए थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव, पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व मानव तस्करी के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त गुमशुदा/अपहृत में दर्ज अभियोगों के सबंध में विवेचकों से वार्ता प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र बरामदगी के सम्बन्ध में आदेश निर्देश दिये, साथ ही समस्त बाल कल्याण अधिकारी को जेजे एक्ट 2015 की धारा 74 व धारा 75 की विस्तृत जानकारी दी । साथ ही बाल श्रम के प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही करने के लिए विस्तृत चर्चा की गयी। नाबालिग बच्चों से किसी कार्यस्थल पर वर्जित कार्य न कराये जाने के विषय में बताया गया तथा बच्चों को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता हेतु विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया। नाबालिग/पीड़ित बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया जाना, बच्चों की बालिग/नाबालिग उम्र का निर्धारण करने आदि बिन्दुओं पर चर्चा की तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाते हुए क्षेत्रीय सम्भ्रान्त व्यक्तियों - क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, ग्राम प्रधान आदि के साथ चौपाल का आयोजन कर बाल विवाह तथा बाल श्रम जैसे संवेदनशील मामलों में जागरुकता अभियान चलाकर सभी को बाल विवाह/ बाल श्रम की रोकथाम हेतु जागरुक करते हुए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया । इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन संरक्षण अधिकारी द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव, जिला महिला चिकित्सालय से डॉ. अमर सिहं, श्रम विभाग से सूरज तिवारी, एसएसबी 42वीं बटालियन से निरीक्षक यशवीर सिंह, प्रभारी एएचटी/एसजेपीयू शैलेन्द्र कुमार मय टीम, आरपीएफ, जीआरपी, प्रभारी एण्टी रोमियो टीम तथा डीसीपीओ, चाइल्ड हेल्प लाइन, एनजीओ, समाज कल्याण के अधिकारी/कर्मचारी एवं सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी ने देर-रात थाना हुजूरपुर का किया औचक निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान किया रात्रि ड्यूटी व्यवस्था की चेकिंग

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को देर-रात में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना हुजूरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, महिला हेल्पडेस्क तथा लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की। इस अवसर पर निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने पर विशेष बल दिया।पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। मालखाना निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं माल सामग्री के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रख-रखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, हवालात, बैरक, मेस एवं शौचालयों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता तथा संसाधनों के प्रभावी रख-रखाव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। एसपी ने रात्रि ड्यूटी व्यवस्था की चेकिंग कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# विद्युत व्यवस्था में लापरवाही पर आयुक्त सख्त, खराब प्रगति पर कंपनियों को ब्लैक लिस्ट की चेतावनी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** गुरूवार को मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में विद्युत विभाग एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच एवं श्रावस्ती जनपदों की विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन, स्मार्ट मीटर, विद्युत संयोजन, स्कूल लाइन शिफ्टिंग एवं विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा में बदलना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शिकायतों का तत्काल निस्तारण हो तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। समीक्षा के दौरान आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अविद्युतीकृत बसावटों के विद्युतीकरण एवं नए कनेक्शन जारी करने की धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने मेसर्स विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यों में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। मण्डलायुक्त ने मनकापुर, बलरामपुर एवं गोण्डा के एक्सईएन को क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों पर फ्यूज सेट लगाने की खराब प्रगति पर मुख्य अभियंता विद्युत को संबंधित अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एक्सईएन को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत फ्यूज सेट लगाए जाने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर मरम्मत व्यय की रिकवरी संबंधित एक्सईएन के वेतन से की जाए। बैठक के अंत में मण्डलायुक्त ने सरकारी नलकूपों एवं पेयजल योजनाओं के ऊर्जीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने, नए विद्युत कनेक्शन अभियान चलाकर जारी करने तथा उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित दो की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम को सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। खरगू पुर थाना क्षेत्र के इटैहिया नबी जोत गांव के निवासी 25 वर्षीय राकेश पुत्र छेदी अपनी बाइक से इटियाथोक बाजार जा रहा था।खरगू पुर और इटिया थोक मार्ग स्थित कचना पुर ग्राम के निकट मोहन भट्टा के पास बाइक को सामने से इनोवा कार ने टक्कर मार दिया जिस में बाइक सवार राकेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उस को सी एस सी इटिया थोक ले गए।चिकित्सक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की सभी प्रमुख सड़कों एवं मार्गों पर आवश्यक संकेतक बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि इन संकेत बोर्डों पर निकटतम अस्पताल, पुलिस स्टेशन, फायर स्टेशन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की दूरी स्पष्ट रूप से अंकित की जाए, ताकि दुर्घटना अथवा आपात स्थिति में लोगों को तत्काल सहायता प्राप्त करने में सुविधा हो सके। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में दुर्घटना संभावित स्थलों अर्थात ब्लैक स्पॉट्स को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जाए। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक उपाय, जैसे चेतावनी बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, स्ट्रीट लाइट एवं रोड मार्किंग आदि सुनिश्चित किए जाएं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में सड़क सुरक्षा अभियान को जन-जागरूकता से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति आमजन, विशेषकर युवाओं एवं वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मो. नफीस पुत्र शेर अली के गलत क्रियाकलापों की वजह से अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर करते हुए उससे अपने सारे संबंध खत्म कर लिए हैं। अब मेरे और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है। वह अपने किए का खुद जिम्मेदार होगा।

सूचनार्थी
रशीहा पत्नी शेर अली
निवासी एकता नगर, मोहिबुल्लापुर
थाना- मड़ियांव, लखनऊ-226021
मोबाइल- 7380487261

# चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित भव्य नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयुष विभाग के लिए चयनित 202 प्रोफेसर, रीडर, चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ नर्स, व्यावसायिक शिक्षा विभाग के लिए चयनित 272 अनुदेशक तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के लिए चयनित 7 नर्स, हॉस्टल वार्डन एवं कंपाउंडर शामिल रहे।



- कौशल विकास मंत्री ने मुख्यमंत्री को भेंट किया 'ब्रह्मोस' मॉडल
- बिना सिफारिश और भ्रष्टाचार के मिल रहीं नौकरियां : कपिल देव

समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुआ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विशेष आकर्षण के रूप में आईटीआई के विद्यार्थियों द्वारा तैयार 'ब्रह्मोस' मॉडल मुख्यमंत्री को भेंट किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियों के साथ सराहा।

श्री अग्रवाल ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि यह नियुक्ति केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी चयनित युवा पूरी ईमानदारी, समर्पण और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और विश्वास पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### आज प्रदेश का युवा केवल अपनी मेहनत व प्रतिभा के दम पर सरकारी सेवाओं में हो रहा चयनित : कपिल देव

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचारमुक्त बनी है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब युवाओं को नौकरी पाने के लिए दलालों और सिफारिशों का सहारा लेना पड़ता था, परिवारों को जमीन तक गिरवी रखनी पड़ती थी, लेकिन आज प्रदेश का युवा केवल अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां प्रदान कर युवाओं के भविष्य को नई दिशा दी है।

### डीपी में 'सिंदूर' व कवर पर 'ब्रह्मोस' से सीएम योगी ने दी दुश्मन को चेतावनी

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर पूरा देश भारतीय सेना एवं सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन कर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर बदलकर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो लगाया है। सीएम योगी ने अपनी डीपी में 'सिंदूर' और कवर फोटो में 'ब्रह्मोस मिसाइल' को स्थान देकर दुश्मनों को मजबूत संदेश दिया है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर कहर बनकर टूटने वाली ब्रह्मोस मिसाइल का यूपी से खास संबंध है। अब इसका उत्पादन लखनऊ में किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है।

# 20 नवम्बर तक हरहाल में पूरी की जाएं परियोजनाएं : जयवीर सिंह

- नई परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए 20 मई तक जारी हो स्वीकृत पत्र
- फाइलों को लटकाने और भटकाने की संस्कृति छोड़नी पड़ेगी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये हैं कि स्वीकृत परियोजनाओ की टेंडर प्रक्रिया पूरा करते हुए 20 मई तक स्वीकृत पत्र जारी करें। इसके अलावा चुनावी वर्ष को देखते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं को 20 नवम्बर तक हरहाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि फाइलों को लटकाने और भटकाने की संस्कृति छोड़नी पड़ेगी। जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

जयवीर सिंह गुरुवार यहां पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुमराह करने की आदत छोड़े तथा जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूरा करें। चुनाव को देखते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं को 20 नवम्बर तक पूरा करते हुए लोकार्पण के लिए तैयार करें, ताकि समय से इन परियोजनाओं को आम जनता को समर्पित किया जा सके। नवम्बर तक परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए।

जयवीर सिंह ने समीक्षा के दौरान कुछ जनपदों से निर्माण कार्य संबंधी प्रगति की गलत जानकारी देने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि काम में तेजी लाई जाए और समय-समय पर मुख्यालय से अधिकारियों की टीम फोटोग्राफर सहित स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करेगी। यह टीम मौके पर जाकर कार्य की प्रगति का भौतिक सत्यापन करेगी और गुणवत्ता, प्रभावी समीक्षा एवं समन्वय करके परियोजनाओं को गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी पत्राचार-पत्राचार का खेल न खेले।

जमीन पर उनकी बदली कार्यशैली का परिणाम दिखाई देना चाहिए। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी एवं वृहद परियोजनाओं को समय से पूरा करें। परियोजनाओं में विलम्ब होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था तथा अधिकारी के खिलाफकठोर कार्यवाही की जायेगी। कोई भी समस्या हो, उसका बैठकर समाधान निकाला जाए। आगरा और मथुरा में हेलीपोर्ट को क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने भारत सरकार स्तर पर लंबित योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नैमिषारण्य में प्रस्तावित कार्यों को शुरू करें। ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का इतिहास लेखन एवं शिलालेख की कार्यवाही एक स्थापित प्रक्रिया के अनुसार संचालित की जाए। उन्होंने इस अवसर पर वाद्ययंत्रों के क्रय की भी समीक्षा की और जिला महोत्सव को जनपद के स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### चकबंदी कार्यालय के सामने किसानों ने अधिकारियों के खिलाफ दिया धरना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में चकबंदी कार्यालय के सामने करीबन 100 किसान पहुंच गए। ईंट जोड़कर चूल्हा बनाया, उसपर भगोना चढ़ा दिया। सबने मिलकर पूड़ी-सब्जी बनाई। उनका यह आक्रोश अधिकारियों के खिलाफथा। किसानों का कहना है कि जबतक उनकी जमीनों से माफिया नहीं हटेंगे, तबतक वह चकबंदी कार्यालय के सामने इसी तरह खाना- बनाते खाते रहेंगे। यह माहौल था गुरुवार को जवाहर भवन स्थित चकबंदी आयोग कार्यालय के सामने का। यहां भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) से जुड़े कई जिलों के किसान पहुंच गए। उन्होंने दरी बिछाकर अधिकारियों के खिलाफनारेबाजी करते हुए धरना दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष हरिनाम सिंह कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसान अपने साथ लकड़ी , राशन और बड़े-बड़े भगोने लेकर आए हैं। आयुक्त कार्यालय के सामने दरी बिछाकर किसान बैठ गए हैं। वहीं दूसरी तरफकिसानों ने चूल्हा जला दिया आलू,टमाटर और परवल काटकर सब्जी बना रहे हैं। साथ ही आयुक्त के खिलाफनारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे हरिनाम ने कहा कि लगातार किसानों को परेशान किया जा रहा है। प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में विशेष रूप से जो ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में भूमाफियाओं का जमीनों पर कब्जा है। इस कब्जे में चकबंदी से जुड़े हुए अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह शामिल है। भूमाफियाओं को इनका संरक्षण प्राप्त है। इसलिए यह किसने की जमीन पर गलत तरीके से कब्जा कर रहे हैं। हम लोग किसने की जमीनों को भू माफियाओं से मुक्त करवाने आए हैं।

### यूपी में आबकारी विभाग के राजस्व वसूली में ऐतिहासिक वृद्धि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप्र. के आबकारी विभाग ने राजस्व वसूली और प्रवर्तन कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जानकारी दी कि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 और चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रारंभिक माह में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। आबकारी मंत्री के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक कुल 57,722.26 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की समान अवधि के 52,573.07 करोड़ रुपये की तुलना में 9.79 प्रतिशत (5,149.19 करोड़ रुपये) अधिक है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल 2026 में 5,248.06 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो अप्रैल 2025 के 4,319.46 करोड़ रुपये के मुकाबले 21.50 प्रतिशत (928.60 करोड़ रुपये) अधिक है। यह निर्धारित लक्ष्य 5,200 करोड़ रुपये से भी 0.92 प्रतिशत अधिक है। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध भी व्यापक अभियान चलाया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक कुल 1,18,978 अभियोग दर्ज किए गए, जिनमें 30.94 लाख लीटर अवैध मदिराध्मादक द्रव्य बरामद किया गया। इस दौरान 21,446 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 3,967 लोगों को जेल भेजा गया। साथ ही अवैध तस्करी में प्रयुक्त 152 वाहनों को जब्त किया गया। माह अप्रैल 2026 में भी विभाग की कार्रवाई जारी रही। इस दौरान 9,535 अभियोग दर्ज किए गए और 2.55 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। इसके साथ ही 1,516 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, 214 को जेल भेजा गया तथा 8 वाहनों को जब्त किया गया।

### निजीकरण व उत्पीड़नात्मक के खिलाफ बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में निजीकरण एवं उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में चल रहे प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान के अंतर्गत आज दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय, आगरा में बिजली कर्मियों की जोरदार विरोध सभा आयोजित की गई। सभा को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों जितेन्द्र सिंह गुर्जर एवं महेन्द्र राय ने संबोधित किया। संघर्ष समिति ने कहा कि मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने 19 मार्च 2023 को संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पॉवर कारपोरेशन के तत्कालीन अध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आंदोलन के फलस्वरूप की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस ली जाएं। ऊर्जा मंत्री द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में हटाए गए संविदा कर्मियों की पुनर्बहाली, सभी मुकदमे एवं एफआईआर वापस लेने सहित सभी दंडात्मक कार्यवाहियां समाप्त करने की घोषणा की गई थी। संघर्ष समिति ने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आज तक उत्पीड़न की कोई भी कार्यवाही वापस नहीं ली गई। ऊर्जा मंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बिजली कर्मियों को उन्हें लागू कराने हेतु सड़क पर उतरने को विवश होना पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि नवंबर 2024 में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के निर्णय के बाद से बिजली कर्मी बिना कार्य बाधित किए शांतिपूर्ण ढंग से बिजली पंचायत, बिजली महापंचायत, क्रमिक अनशन, रैली एवं विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बावजूद पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन अनावश्यक रूप से उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां जारी रखे हुए है, जिससे कार्य का वातावरण प्रभावित हो रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान बिजली कर्मी उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध हैं, किन्तु प्रबंधन लगातार उत्पीड़न की नीति अपनाकर बिजली व्यवस्था को पटरी से उतारने की दिशा में कार्य कर रहा है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि बिजली कर्मियों का शांतिपूर्ण आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक निजीकरण का निर्णय निरस्त नहीं किया जाता तथा सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली जातीं।

# यूपी एनर्जी एक्सपो 2026 का आगाज, डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में राज्य सरकार सोलर व रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए कर रही लगातार काम : ब्रजेश पाठक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार से तीन दिवसीय 'यूपी एनर्जी एक्सपो 2026' की शुरुआत हो गई है। देशभर की बड़ी ऊर्जा कंपनियों, उद्योगपतियों और वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की मौजूदगी ने एक्सपो को खास बना दिया।

कार्यक्रम में सोलर एनर्जी, बैटरी स्टोरेज, ईवी चार्जिंग और नई तकनीकों पर चर्चा हुई। एग्जीबिशन का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में राज्य सरकार सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। जरूरत पड़ने पर नीतियों में बदलाव भी किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हों। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अब लखनऊ समेत प्रदेश के कई शहरों की छतों पर बड़ी संख्या में सोलर पैनल नजर आने लगे हैं। वक्ताओं ने कहा कि पहले बिजली को विलासिता माना जाता था, लेकिन अब यह हर घर की जरूरत बन चुकी है। गांव से लेकर शहर तक हर वर्ग बिजली पर निर्भर है और आने वाले समय में वैकल्पिक ऊर्जा ही देश की बड़ी ताकत बनेगी। कार्यक्रम में ई-वेस्ट को लेकर भी सवाल उठा। मीडिया ने पूछा कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, लेकिन ई-वेस्ट के निस्तारण की क्या तैयारी है। इस पर जवाब दिया गया कि भारत सरकार की नीति और नियमों के तहत ही प्रदेश में काम किया जा रहा है और उसी दिशा में आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

एक्सपो में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भी ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों पर चर्चा की। शशांक अग्रवाल ने कहा कि पारंपरिक और वैकल्पिक ऊर्जा दोनों सिस्टम फिलहाल साथ-साथ चलेंगे। वहीं, अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि यह एक्सपो उत्तर प्रदेश को अल्टरनेट एनर्जी हब और निवेश के पसंदीदा केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

# महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में एलडीए, पीडब्ल्यूडी व लेसा की समन्वय बैठक आयोजित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर निगम लखनऊ द्वारा गुरुवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों के समन्वय को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार उपस्थिति बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), लेसा तथा जलकल विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान नगर निगम से जुड़े लंबित विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं और जनहित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में नगर निगम के विभिन्न जोनों में प्रस्तावित पीसीटीएस सेंटरों के निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा की गई। महापौर ने एलडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जोन-1 स्थित मूंगफली मंडी (रिवर बैंक कॉलोनी सिटी स्टेशन), सुपर मार्केट, जोन-4 स्थित नगर निगम वर्कशॉप (आरआर), जोन-6 स्थित दुबग्गा तथा जोन-7 के मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के सी-ब्लॉक में पीसीटीएस सेंटर के लिए 18 मई तक भूमि उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही महापौर ने निर्देश दिए कि 18 मई को एलडीए अधिकारियों के साथ दोबारा बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए। बैठक में एलडीए के डिप्टी सेक्रेटरी माधवेश कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनेश्वर मिश्र पार्क के बाहर संचालित



वेंडिंग जोन को लेकर भी चर्चा की गई। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां दुकानों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए, ताकि अधिक से अधिक रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही जलकल विभाग द्वारा प्रस्तावित तीन पानी की टंकियों के एस्टीमेट को शीघ्र स्वीकृत कर बजट जारी करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में लेसा से जुड़े विषयों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। इस दौरान लेसा के चीफ इंजीनियर सुशील गर्ग उपस्थित रहे।

महापौर ने निर्देश दिए कि सीएम ग्रिड परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत सात स्थानों पर चल रहे कार्यों में ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान विद्युत शटडाउन की स्थिति में नगर निगम की टीम के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया जाए, जिससे आमजन को कम से कम असुविधा हो। महापौर ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में सभी विभागों का समन्वय बेहद आवश्यक है।

# मुंबई की तरह यूपी में भी अपराधियों का खूब सफाया हुआ : रणदीप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के डिप्टी एसपी पद से रिटायर हुए इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा रियल लाइफ के बाद रील लाइफ में धमाका मचाए हैं। उनकी जिंदगी पर बनी इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा वेब सीरीज का सीजन-टू 15 मई को रिलीज होने जा रहा है।

गुरुवार को वेब सीरीज के ट्रेलर लॉचिंग प्रोग्राम में पहुंचे बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने कहा कि, श्शमुंबई कि तरह यूपी में भी अपराधियों का सफाया हुआ है। इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा, एक्शन, क्राइम-थ्रिलर से भरपूर एक बायोपिक है। यूपी के इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की जिंदगी पर आधारित है। अविनाश मिश्रा, जोकि मूलरूप से हमीरपुर जनपद के रहने वाले हैं। साल 1982 में यूपी पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए थे और वर्ष 2019 में डिप्टी एसपी के रैंक से रिटायर हुए।

अविनाश मिश्रा, यूपी में 1990 के दशक में क्राइम और संगठित अपराध की घटनाओं को याद करते हुए कहते हैं कि आज यूपी में कानून व्यवस्था बहुत अच्छी है। वो दौर काफी खौफनाक था। लखनऊ एक होटल में वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की पूरी कास्ट पहुंची। एक्टर रणदीप हुड्डा, अभिनेत्री उर्वसी रौतेला, डायरेक्ट और अन्य कलाकार शामिल रहे। एक्टर रणदीप हुड्डा ने लखनऊ को लेकर कहा कि ये काफी अच्छा शहर है। यहां की तहजीब से लेकर अदब तक, बेमिसाल है। हमने यहां शूटिंग की है और आगे भी शूटिंग करना चाहेंगे। वेब सीरीज में इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा का किरदार रणदीप हुड्डा निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, अविनाश मिश्रा से काफी कुछ सीखा है। शुरुआत में थोड़ी मुश्किल जरूर आई, क्योंकि लखनऊ का लहजा अलग है। हरियाणी अंदाज होने के कारण चुनौती जरूर आई, लेकिन इसे सीखकर काफी एन्जॉय किया। रणदीप हुड्डा ने कहा कि, इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा का सीजन-टू काफी धमाकेदार है। उम्मीद ही नहीं पूरा भरोसा है कि दर्शकों को पहले सीजन से कहीं ज्यादा आनंद आने वाला है।





# खराब मौसम में डगमगाई इंडिगो की फ्लाइट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

दिल्ली से पटना जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6497 गुरुवार को खराब मौसम के बीच टर्बुलेंस का शिकार हो गई। विमान में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, फ्लाइट की कमान संभाल रहे पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और पायलट राजीव प्रताप रूडी ने सूझबूझ दिखाई। पटना में फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी तो इसे लखनऊ डायवर्ट किया और सुरक्षित लैंडिंग कराई।

फ्लाइट के सुरक्षित उतरने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। यहां फ्लाइट के कैप्टन और सांसद राजीव प्रताप रूडी ने यात्रियों से कहा- अब आप ताली बजा सकते हैं। आप सुरक्षित लैंड कर चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट 6ई6497 दिल्ली से पटना के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और फ्लाइट हिचकोले खाने लगी।



- राजीव रूडी ने लखनऊ में कराई सुरक्षित लैंडिंग

विमान के जोरदार हिचकोले खाने से यात्रियों में डर का माहौल बन गया। कई यात्री घबरा गए और केबिन में कुछ देर तनाव की स्थिति रही। कैप्टन राजीव प्रताप रूडी ने फ्लाइट को पटना में कई बार उतारने की कोशिश की, लेकिन लैंड नहीं करा पाए। कैप्टन ने यात्रियों को खराब मौसम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फ्लाइट को बनारस की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। हालांकि, वहां से भी क्लियरेंस नहीं मिला। इस वजह से फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट किया गया। लैंडिंग के बाद कैप्टन रूडी ने यात्रियों से मुस्कुराते हुए कहा- अब आप ताली बजा सकते हैं। इसके बाद विमान में मौजूद यात्रियों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान कई यात्रियों ने उनकी सूझबूझ और शांत तरीके से स्थिति संभालने की सराहना की।

### नगर निगम मुख्यालय में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अभियान का जागरुकता अभियान 08 मई 2026 को नगर निगम मुख्यालय स्थित झंडी पार्क, लालबाग में किया जाएगा।
कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे आयोजित होगा।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत ए.के. शर्मा उपस्थित रहेंगे।
कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल करेंगी। इस अवसर पर नगर निगम के समस्त माननीय पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

संबोधन

### प्रतिभागी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्तर पर मिलेंगे दो क्रेडिट अंक

# 'स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशियल लर्निंग' कार्यक्रम का द्वितीय चरण पूर्ण

- अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, पुलिस जन सहयोग की भावना विकास में सहायक सिद्ध हो रहा कार्यक्रम
- प्रदेश सरकार युवाओं को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक एवं सामाजिक अनुभव से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही : योगेंद्र उपाध्याय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत एनएसएस के स्वयंसेवकों के लिए संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम का



द्वितीय चरण उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में पूर्ण हो गया है।

कमिश्नरेट क्षेत्रों से 75 तथा अन्य जनपदों से 50 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार एसपीईएल कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्तर पर अंकपत्र में 2 क्रेडिट अंक प्रदान किए जाएंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक एवं सामाजिक अनुभव से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशियल लर्निंग कार्यक्रम युवाओं को कानून व्यवस्था, सामाजिक दायित्व एवं अनुशासन की वास्तविक समझ प्रदान कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर पर 2 क्रेडिट अंक प्रदान किए जाने से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा अधिकाधिक युवा इस अभिनव कार्यक्रम से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पुलिस व्यवस्था, कानून व्यवस्था, सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से व्यावहारिक रूप से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 30 दिनों में 120 घंटे का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें थाना स्तर पर पुलिस कार्यप्रणाली, साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं सामुदायिक पुलिसिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय अनुशासित सहभागिता की दिल्ली स्थित मंत्रालय में एडीजी रूल्स एंड मैनुअल आशीष पटेल द्वारा प्रस्तुत प्रेजेंटेशन के दौरान सराहना की गई थी। स्वयंसेवकों के अनुशासन, कार्यशैली, सामाजिक प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा प्राप्त होने के बाद कार्यक्रम के द्वितीय चरण को और अधिक व्यापक स्वरूप में संचालित किया गया।

### लखनऊ में आई-क्यू ने अपग्रेडेड सेंटर के साथ मजबूत की मौजूदगी

# एक करोड़ से अधिक मरीजों के इलाज का भरोसा कायम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

देश की अग्रणी नेत्र चिकित्सा श्रृंखला आई-क्यू सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र अस्पताल ने लखनऊ में अपने राजाजीपुरम स्थित सेंटर को अपग्रेड कर शहर में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। आधुनिक सुविधाओं और उन्नत तकनीक से लैस इस अपग्रेडेड सेंटर का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। इसका उद्देश्य शहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर एवं सुलभ नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं पूर्व सांसद श्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं डॉ. अजय शर्मा , सीएमडी एवं फाउंडर, आई-क्यू हॉस्पिटल और रजत गोयल, सीईओ भी उद्घाटन



समारोह में मौजूद रहे। सरोजिनी नगर से विधायक एवं प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक राजेश्वर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. बाबर परवेज खान, Associate Medical देशभर में लाखों मरीजों को सेवाएं दे चुका आई-क्यू लगातार आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और मरीज-केंद्रित सेवाओं के साथ अपने नेटवर्क को मजबूत कर रहा है। अपग्रेडेड राजाजीपुरम सेंटर में अब उन्नत रेटिना सेवाओं और अत्याधुनिक ओसीटी (ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी) तकनीक की सुविधा उपलब्ध है, जिससे रेटिना संबंधी बीमारियों की अधिक सटीक जांच और बेहतर उपचार संभव हो सकेगा। यह सेंटर एक ही छत के नीचे संपूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

# चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली है: नसीमुद्दीन सिद्दीकी

- शाहजहांपुर पहुंचे पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पीडीए बैठक में हुए शामिल
- पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद के आवास पर आयोजित हुई बैठक



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर पहुंचे पूर्व मंत्री व सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी का सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। वह पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद के आवास पर पीडीए बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली है। उसका उदाहरण बंगाल का चुनाव है। यूपी में जनता को आगे आना पड़ेगा। उन्होने कहा कि देश भर के दलितों पर अत्याचार हो रहा है। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि सपा की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने सपा ज्वाइन की है। मेरे साथ कई पूर्व मंत्री शामिल हुए हैं। वह सिर्फ ईद के दौरान तीन दिन घर पर रहे थे। उसके बाद लगातार वह प्रतिदिन दस से बीस दौरे कर रहे हैं। अभी तक 48 जिलो में जा चुके हैं और ये उनका 49वां जिला है। देश के आज जो हालत है ऐसा पहले कभी नही हुआ। महंगाई चरम सीमा पर है, पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। किसानो को गन्ने का पैमेंट नही मिल रहा है। इसलिए उनकी बेटियों की शादियां नही हो पा रही है। उनका आरोप है कि सीतापुर में भाजपा के आठ पदाधिकारियों ने एक बच्ची का दुष्कर्म किया। भाजपा के लोग कहते हैं कि हम भगवान राम की सेना में हैं जो सरकार में हैं। उन्नाव, हाथरस, सोनभद्र महोबा की घटनाएं सबके सामने हैं। बंगाल में जो भाजपा ने चलाया था वही चला है, बेईमानी, धोखेबाजी और चुनाव आयोग का दुरुपयोग करके जो नतीजे आए हैं, ये उसका नतीजा है। जब यूपी में चुनाव होगा तब यहां की जनता को आगे आना होगा। मैं तीन महीने से अपने घर नही पहुंचा हूं। मेरी आंख में टांके लगे हैं। उसके बाद मैं दौरे कर रहा हूं। आज जनता को लूटा जा रहा है जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। पीडीए के तहत सबको एक करना है। अखिलेश यादव का स्वागत करके किसी बेटी ने क्या पाप किया? संविधान की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। ये देश संविधान से चलेगा या भाजपा के कानून से चलेगा। ये देश संविधान से चलेगा। उन्होने कहा कि हमने कभी भी ऐसे हालत कभी नही देखे। इससे पहले पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, लोकसभा की प्रत्याशी रहीं ज्योत्सना कश्यप ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान सपा नेता लखन प्रताप सिंह, रणंजय सिंह, राजवीर सिंह बाठ आदि मौजूद।

### सपा के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी का सपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत



**शाहजहांपुर।** लखनऊ से चलकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी शाहजहांपुर सीतापुर रोड गुर्री चैकी पास पहुंचे। जहां उनका सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने बुके देकर व फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा नेता लखन प्रताप सिंह,सपा नेता जितेंद्र पाल गौतम, सपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी उर्फ पिंटू,सपा जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र यादव, सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अजीम खान, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी,शहाब खान,नरवीर फौजी,अमन खान फैजान खान,गुफरान खान,फरमान खान,उजैर खान, दीपक द्विवेदी, रवि प्रकाश पांडे, शैलेंद्र कुमार पांडे, नितिन तिवारी, संजीव तिवारी आदि मौजूद रहे।

### जनपद सीमा पर नसीमुद्दीन का हुआ स्वागत

**27 के चुनाव के लिये अभी से जुटें कार्यकर्ता: नसीमुद्दीन**



**रोजा, शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने शाहजहांपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक सक्रियता ही पार्टी को सफलता दिलाएगी। शाहजहांपुर जनपद सीमा स्थित गुर्री चैकी पर नसीमुद्दीन सिद्दीकी का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके भेंट किए तथा फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंच बनानी होगी। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को उठाकर पार्टी को और अधिक सक्रिय बनाना जरूरी है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अजीम खान, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी तथा शहाब खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय श्रीमद्भागवत गीता प्रतियोगिता का आयोजन



**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के इंटर कॉलेज में गीता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। नगर के पुवाया इंटर कॉलेज पुवाया में प्रधानाचार्य जेपी मौर्य के आयोजन में ब्लॉक स्तरीय श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्कूल में आयोजित श्लोक गायन, निबंध लेखन, विराज प्रतियोगिता, भाषण व्याख्यान, चित्रकला, पेंटिंग प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रबंधक राजीव सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जेपी मौर्य ने स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में श्लोक गायन प्रतियोगिता में छात्र शिवांशु सिंह ने प्रथम, अस्मिता राठौर ने द्वितीय, जाह्नवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विराज प्रतियोगिता में छात्रा दिव्या शर्मा ने प्रथम, आशी ने द्वितीय तथा अर्चना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध लेखन में छात्र कृतिका ने प्रथम, अतुल कुमार ने द्वितीय आदित्य कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण व्याख्यान में प्रिया तिवारी ने प्रथम आस्तिक शिवा ने द्वितीय, सुधांशु अवस्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में मयंक कुमार ने प्रथम, शुभम दीक्षित ने द्वितीय तथा काव्या ने तृतीय प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक राजीव सिंह, प्रधानाचार्य जेपी मौर्य तथा शिक्षक शिक्षिकाओं में पल्लवी, जितेंद्र, अनूप , रोली, अमिता शुक्ला, अजय पांडे, छोटेलाल, श्याम कुमार त्रिवेदी, राजवीर सिंह, रजनीश बाजपेई, शुभम तिवारी, दक्षिता, मुकेश, रणवीर, विपिन रत्नाकर, हिमानी, रजनी, सुनिष्ठा, विमल, दीपा, सीमा, राज गुप्ता, मीनाक्षी, रीता एवं इंटर कॉलेज के अध्यापकों में भुवनेश्वर कुमार सिंह चैहान, राजेश कुमार, राजीव लोचन गुप्ता, पुनीत शर्मा, संजय कुमार मिश्रा, राकेश कुमार, राम बहादुर, संजीव कुमार, रवि वर्मा, विमल कुमार, अजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार ,राहुल रावत, अजय कुमार सिंह, आलोक कुमार, सूरज प्रताप सिंह, हरि ओम, अनूप सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दहेज उत्पीड़न की पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का लगाया आरोप




**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के अमईपुर सड़ा गांव निवासी संतोष ने अपनी बेटी किरन को दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया कि उन्होंने दो साल पहले अपनी बेटी किरन का विवाह जलालाबाद के मोहल्ला प्रेम नगर निवासी रविकांत मिश्रा के साथ अपनी सामर्थ्य के अनुसार किया था। विवाह में 7 लाख रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी और अन्य घरेलू सामान दिया गया था। कुछ समय बाद, किरन के ससुराल वाले पति रविकांत मिश्रा, ससुर सुरेश मिश्रा, सास रेखा, जेठ राहुल मिश्रा और ननद संध्या – उससे अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन और 1 लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। किरन को बेटी होने के बाद ससुरालियों ने ताने मारना शुरू कर दिया। वे उसे पीटते, गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देकर दूसरा विवाह करने की बात कहते थे। बीती 4 मई को पति, सास, ससुर, ननद और जेठ ने किरन को लात-घूंसों से पीटा और अपशब्द कहे। अगले दिन ससुरालियों ने साजिश के किरन के पिता सुशील और भाई शशांक को घर बुलाया। उनके सामने किरन को बुरी तरह पीटा गया। पति रविकांत ने किरन का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया, जबकि राहुल ने शशांक का गला दबाने की कोशिश की। किरन के पिता सुशील को भी लात-घूंसों से पीटा गया और उनके कान में चोट लगने से सुनाई देना बंद हो गया। इसके बाद, ससुरालियों ने अलमारी से सारे जेवर निकाल लिए और किरन को गंभीर रूप से घायल अवस्था में घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट पंजीकृत कर घटना की जांच की जा रही है।

### कोर्ट के आदेश के बाद मारपीट करने के मामले में सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सरकारी हैंडपंप पर स्नान करने गए लोगों से गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर मारपीट करने में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जपती निवासी संजय पुत्र गंगासहाय ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 2 जनवरी को उनकी मां का देहांत हो गया था। उनकी अंत्येष्टि करने के बाद परंपरागत 10 दिवसीय स्नान करने के लिए परिजन गांव में स्थित मंदिर प्रांगण में लगे सरकारी हैंडपंप पर स्नान करने पहुंचे। तभी गांव के ही अचल, प्रद्युम्न, प्रदीप, अजय, विजय मौके पर आए और स्नान करने से मना करते हुए गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिससे नाराज होकर 3 जनवरी अपरान्ह लगभग 1रू30 बजे गांव की ही संघूरी एवं बिनु आई और सार्वजनिक हैंडपंप का नल का हत्था खोलकर घर ले गई। जब पीड़ित ने हत्था ले जाने से मना किया तो उक्त सभी लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही गले में पड़ी सोने की चैन भी छीन ली। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए। जिसके बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। जिसके बाद पीड़ित कोतवाली गया तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। वहीं उसके खिलाफ प्रथम सूचना दर्ज कर ली गई। जिसके बाद पीड़ित पुलिस अधीक्षक के पास गया और न्याय की गुहार लगाई। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली और न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मारपीट करने में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तेज आंधी और बारिश से 150 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र में देर रात आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब दो बजे आई आंधी के कारण 33 केवी विद्युत लाइन में ब्रेकडाउन हो गया है। इससे क्षेत्र के 150 से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। मरेना में आंधी से फतेहगंज पूर्वी मार्ग पर विद्युत पोल टूटकर सड़क पर गिर गया। ग्रामीणों ने किसी तरह खंभे को हटाकर आवागमन को शुरू कराया। वहीं बिजली विभाग के लाइनमैन फाल्ट का पता लगाने में जुटे हुए हैं। अवर अभियंता अजीत कुमार ने बताया कि विद्युत कर्मी पेट्रोलिंग कर 33 केवी विद्युत लाइन का फाल्ट तलाश रहे हैं। फाल्ट मिलते ही विद्युत आपूर्ति शीघ्र शुरू की जाएगी। बारिश के चलते निचले इलाकों में पानी भर गया। इसके अतिरिक्त, जैतीपुर थाने के सामने नाली चोक होने से गंदगी सड़क पर फैल गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। सुबह से आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और बिजली कड़क रही है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे मौसम में बदलाव आया है। बारिश से क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ हुआ है। गेहूं की कटाई के बाद किसान अब दूसरी फसलें लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। गन्ना, मूंगफली, मक्का और उड़द जैसी फसलों में उन्हें अब कुछ दिनों तक सिंचाई करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



## दहेज हत्या में महिला समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना सदर बाजार के हाथी थान निवासी विनीत राठौर पुत्र मैकूलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 23 वर्षीय भतीजी सैजल के पिता की काफी दिन पहले मृत्यु हो चुकी है। तथा उसकी मां भी उसे छोड़कर कहीं चली गई थी। जिसके बाद से उसका पालन पोषण मेरे पास ही हुआ। 3 वर्ष पूर्व सैजल की शादी थाना पुवायां के गांव विक्रमपुर निवासी वरुण पुत्र रामलड़ैते के साथ की थी। कुछ दिन पूर्व भतीजी ने फोन पर सूचना दी की उसका पति वरुण, जेठ अरुण एवं सास रेशमा अतिरिक्त दहेज में बाइक व बीस हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर उक्त लोग उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। गुरु की सुबह 3 बजे सूचना मिली कि भतीजी सैजल के पति वरुण जेठ अरुण और सास रेशमा उसे शाहजहांपुर अस्पताल ले गए है। जब हम लोग जिला अस्पताल पहुंचे तो भतीजी मृत अवस्था में मिली। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर मृतका के पति वरुण, जेठ अरुण तथा सास रेशमा पर भतीजी को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने तथा कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# आपरेशन सिंदूर की एसएस कालेज में मनाई गई प्रथम वर्षगांठ

- कैडेट्स को ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डायरेक्टर जनरल एनसीसी और रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में एनसीसी यूनिट द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की रक्षा में योगदान देने वाले वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन करना था। कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार मेजर विपिन सक्सेना को विशेष अतिथि के रूप में शौर्य संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत एनसीसी गीत से हुआ तत्पश्चात विपिन सक्सेना को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सूबेदार मेजर विपिन सक्सेना ने 'कारगिल युद्ध' में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक सैनिक का सबसे बड़ा धर्म राष्ट्र सेवा है। उन्होंने युवा कैडेट्स से कहा कि वे अनुशासन, साहस और समर्पण के गुणों को अपने जीवन में अपनाएं। इसके बाद कैडेट्स को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई, जिससे उन्हें भारतीय सेना के उस वीरतापूर्ण अभियान से परिचित होने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान 25 यूपी बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर सुनील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी युवाओं में देशभक्ति और नेतृत्व की भावना जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेट्स को सदैव तत्पर और अनुशासित रहने का संदेश दिया। वहीं लेफ्टिनेंट डॉ. आलोक कुमार सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की अदम्य वीरता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में झंडारोहण किया गया और सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। पूरे आयोजन में प्रोफेसर अजीत सिंह चारग, डॉ प्रांजल शाही, डॉ दुर्गविजय, डॉ अरुण कुमार यादव, अवनीश सिंह चैहान, केयर टेकर जुल्फिकार, सूबेदार सुभाष चैहान, सूबेदार जटविंदर सिंह, हवलदार अयाज खान तथा लगभग साठ कैडेट्स की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

### 12वीं वार्षिक प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित: अरविंद

**शाहजहांपुर।** एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय मानव अधीकार आयोग भारत के द्वारा मानव अधिकार मुद्दों पर आधारित लघु फिल्मों हेतु अपनी 12वीं वार्षिक प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। उपर्युक्त विषयक में राष्ट्रीय मानव अधीकार आयोग, द्वारा मानव अधिकार मुद्दों पर आधारित लघु फिल्मों हेतु अपनी 12वीं वार्षिक प्रतियोगिता के लिए विभिन्न सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक अधिकारों पर आधारित लघु फिल्म समय-सीमा 3 मिनट से 10 मिनट की प्रविष्टियां आमंत्रित किये जाने का उल्लेख किया गया है। राष्टीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के द्वारा 12 वीं वार्षिक प्रतियोगिता में अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग कर सकते हैं।

# किसानों को जरूरत पड़ी..., यूरिया की किल्लत बढ़ी

- मायूस होकर लौट रहे किसान, अधिकारी कह कम नहीं है स्टाक

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी फसलों की तैयारी को लेकर किसान यूरिया खाद न मिलने से परेशान हैं। किसान सेवा केंद्र पर यूरिया खाद का वितरण सुचारू रूप से ना चल पाने के कारण किसानो ने नाराजगी जताई।

पुवायां की नवीन मंडी में स्थित इफको किसान सेवा केंद्र पर यूरिया खाद का वितरण नहीं हो रहा है।




जिससे सुबह से ही केंद्र के चक्कर काट रहे किसान मायूस होकर घर लौटने को मजबूर हैं। बृहस्पतिवार की सुबह से ही किसान खाद मिलने की उम्मीद में किसान सेवा केंद्र पर पहुंचे लेकिन पूरे दिन वितरण कार्य शुरू नहीं हो पाया। किसानों का कहना है कि खेती के इस महत्वपूर्ण समय में खाद की आवश्यकता सबसे अधिक है, लेकिन समिति की व्यवस्थाओं के चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। यूरिया खाद न मिलने से किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है। किसानों ने जल्द व्यवस्था दुरुस्त कर नियमित वितरण कराने की मांग की है। वही केंद्र प्रभारी चंद्रहास मजूमदार ने बताया कि तीन दिन पूर्व यूरिया खाद का वितरण किया गया था। अब स्टॉक में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं है। किसान सेवा केंद्र पर एनपीके खाद उपलब्ध है अगले सप्ताह यूरिया खाद आने के बाद किसानों को उपलब्ध करा दी जाएगी।

### स्कूल जाते समय कक्षा 2 के छात्र पर आवारा कुत्तों का हमला, क्षेत्र में दहशत



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत अकबरी में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार सुबह ग्राम अकबरी निवासी अली हैदर पुत्र मुनासिब उस समय आवारा कुत्तों का शिकार हो गया, जब वह अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। अली हैदर की उम्र करीब 7 वर्ष बताई जा रही है और वह सनराइस पब्लिक स्कूल में कक्षा 2 का छात्र है। बताया जा रहा है कि जैसे ही अली हैदर अकबरी स्थित खाद के गोदाम के पास पहुंचा, तभी अचानक कई आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से बच्चा घबरा गया और जोर-जोर से चीखने लगा। आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्चे को सुरक्षित बचाया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के इलाकों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे बच्चों और राहगीरों को हमेशा खतरा बना रहता है। खासकर स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे इस समस्या से सबसे ज्यादा भयभीत हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

# लघु उद्योग भारती द्वारा लघु उद्योग गौरव उत्सव का आयोजन

- महिला उद्यमियों सहित उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

लघु उद्योग भारती के 32 वर्ष पूर्ण होने एवं 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर बरेली मोड़ स्थित एक होटल पर लघु उद्योग भारती शाहजहांपुर इकाई द्वारा लघु उद्योग गौरव उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से महिला उद्यमियों सहित लगभग डेढ़ सौ से अधिक उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान विश्वकर्मा तथा भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम संचालन जिला महामंत्री हर्षवर्धन अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संगठन कोषाध्यक्ष सीए निलय शुक्ला ने लघु उद्योग भारती द्वारा संचालित पोर्टल के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में उद्यमियों के सामने अपने उत्पादों की बिक्री हेतु उपयुक्त क्रेता तलाशना एक बड़ी चुनौती है। ऐसी स्थिति में पोर्टल, इंडियामार्ट एवं अलीबाबा जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की तरह क्रेता एवं विक्रेता को जोड़ने का कार्य करता है, जो संगठन के सदस्यों के लिए पूर्णतः निरू शुल्क उपलब्ध है।

जिलाध्यक्ष नवनीत प्रकाश गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं उद्यमियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए संगठन द्वारा जिले एवं देशभर में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने हाल ही में चक भिटारा स्थित विद्युत सब स्टेशन के भूमि पूजन की सफलता का उल्लेख करते हुए बताया कि विगत पांच वर्षों से संगठन इस मांग को लेकर निरंतर प्रयासरत था। दो वर्ष पूर्व भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी, किंतु भूमि पूजन लगातार स्थगित हो रहा था। प्रदेश अध्यक्ष के प्रयास एवं ऊर्जा मंत्री से आग्रह के उपरांत मात्र 15 दिनों में भूमि पूजन का आदेश जारी हुआ। 9 अप्रैल को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा भूमि पूजन सम्पन्न कराया गया। उन्होंने इसके लिए प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ संरक्षक सुरेश सिंघल जी ने कहा कि संगठन द्वारा उद्योग हित में किए जा रहे कार्यों ने जिले की इकाई को निरंतर सशक्त बनाया है और आज यह संगठन जिले का सबसे बड़ा औद्योगिक संगठन बन चुका है। बरेली मंडल महामंत्री मोहन कुमार मित्तल ने कहा कि वर्तमान समय में देशहित एवं उद्योग हित में कार्य करने वाला लघु उद्योग भारती जैसा संगठन दूसरा नहीं है। उन्होंने बताया कि संगठन के अथक प्रयासों से आज पारिवारिक औद्योगिक भूमि का हस्तांतरण मात्र 5000 के स्टांप शुल्क पर संभव हो सका है। मंडल अध्यक्ष उन्मुक्त संभव शील ने मंडल स्तर पर संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फैसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य के रूप में उन्होंने उद्यमियों के फंसे हुए लगभग 4 करोड़ रुपये दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ब्रज संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल जी ने संगठन की स्थापना काल से जुड़ने के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्थापित यह संगठन आज 6000 महिला उद्यमियों सहित 70,000 से अधिक सदस्यों के साथ देश का सबसे बड़ा औद्योगिक संगठन बन चुका है। जिला विकास अधिकारी ॠषिपाल सिंह ने संगठन को बधाई देते हुए उद्यमियों की सराहना की। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि विभाग सदैव उनकी समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर है तथा उद्यमी किसी भी समय कार्यालय अथवा संगठन के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। सहायक प्रबंधक उद्योग अरुण पांडे ने उद्यमियों को प्रत्येक तीन वर्ष में मिलने वाली 50 प्रतिशत तकनीकी उन्नयन सब्सिडी की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। बैठक में महिला इकाई संयोजक ज्योति सक्सेना,डा. उषा गर्ग, इला सक्सेना, दीप्ति अग्निहोत्री, संतोष यादव, रजनी बजाज, श्रोता टंडन आदि उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें जिले की महिला उद्यमियों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं स्वरोजगार आधारित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों की रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता एवं उद्यमशीलता की झलक देखने को मिली, जिसकी सभी अतिथियों एवं उद्यमियों ने सराहना की। बैठक में बरेली से आए उद्यमी शशांक अग्रवाल, मानस बंसल एवं निशांत अग्रवाल ने जिला इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम सफल बनाने में अमरीश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, बंडा से उद्यमी अमित मेहरोत्रा एवं राकेश कुमार, अल्लाहगंज से दुर्गेश गुप्ता, विजयपाल सिंह यादव, प्रमोद कुमार गुप्ता, रजत अग्रवाल, रामगोपाल अग्रवाल, हरिश्चंद्र गुप्ता, विमल गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, विकास राठौर, राकेश, आकाश, श्याम अग्रवाल, आशीष कटियार, सुधीर अग्रवाल, वरुण गुप्ता, विपनेश गुप्ता, राकेश कुमार पांडे, जसवंत सिंह, सूर्यमणि गुप्ता, मनीष गर्ग, सुनील अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, डॉ. गौरव मिश्रा, नीरज बाजपेई, मुकेश गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, रामलखन गुप्ता सहित अनेक उद्यमियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाया। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।



# सोनम को निर्दलीय पूजा कसाना ने दी 401 वोटों से शिकस्त

- कांग्रेस के वाजिद तीसरे पायदान पर रहे

**मनोज प्रबल**







**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के हुए उप चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना ने भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता को 401 वोटों से शिकस्त देकर विजय हासिल की। कांग्रेस प्रत्याशी वाजिद तीसरे पायदान रहे। जबकि सपा प्रत्याशी को मात्र 488 वोट ही मिल सके।

गौर तलब है कि पांच मई को कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भारी पुलिस बल की निगरानी में उप चुनाव (मतदान) हुआ था। जिसमें सभी नौ प्रत्याशियों का मतदाताओं ने भाग्य मत प्रतीकों में बंद किया था। इसी क्रम में गुरुवार यानि सात मई को तिलहर ब्लॉक परिसर में सुबह आठ बजे भारी सरकारी अमले व पुलिस बल की मौजूदगी में मतगणना शुरू हुई। जिसमें प्रथम चक्र में भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता ने 250 मतों की बढ़त हासिल की। जबकि द्वितीय चक्र की गणना में निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना ने सोनम को पीछे धकेलते हुए 700 वोटो की बढ़त बनाई।

तृतीय चक्र की गणना में सोनम गुप्ता ने पूजा कसाना को खासी पटखनी देते हुए 658 वोटो से लीड ली। यहां से भाजपा प्रत्याशी की जीत के प्रति आश्वस्त हुए कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। लेकिन चैथे पांचवें था छठे चक्र अर्थात तीनों चक्रों की गणना में पूजा कसाना ने सोनम को खासी शिकस्त देकर विजय श्री प्राप्त कर ली। अपरान्ह करीब ढाई बजे सभी चक्रों की मतगणना पूर्ण होने के बाद भी रिटर्निंग ऑफिसर ने चैथे चक्र तक हासिल किए गए वोटो की गणना की घोषणा की। लेकिन पांचवें चक्र की घोषणा न किए जाने से पूजा कसाना जो कि गणना एजेंटों के मुताबिक तो जीत गई लेकिन करीब दो घंटे तक आरओ टेबल से घोषणा न किए जाने से सभी अनहोनी की आशंका से ग्रस्त कई बार मीडिया कर्मियों से रूबरू होकर घोषणा कराए जाने के प्रति बेहद चिंतित नजर आई। शाम पांच बजे एसडीएम जीत सिंह राय ने अंतिम चक्र समेत कुल मतों की गणना की घोषणा करने के उपरांत पूजा कसाना को विजई घोषित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा और शुभकामनाएं दीं। नौ प्रत्याशियों में पूजा कसाना को सर्वाधिक मत 4375, भाजपा की सोनम गुप्ता को 3974, कांग्रेस के बाजिद को 3109, सपा के भरत पटेल को 488, सर्वेद अहमद को 234, अब्दुल समद को 252, रचना गुप्ता व रजी अहमद को 83, 83, वसी को 66 वोट मिले। जबकि 123 वोट नोटा तथा 360 वोट निरस्त किए जाने की घोषणा की गई। भाजपा के दिग्गज नेता व प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण सागर, विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस, भाजपा जिलाध्यक्ष के सी मिश्रा, निगोही ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, नरेंद्र गुप्ता लल्ला, राजीव कश्यप, राजेश कश्यप समेत तमाम भाजपा लॉबी द्वारा सोनम गुप्ता के पक्ष में नगर भ्रमण के बाबजूद जनता ने भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता को नकारते हुए निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना को अध्यक्ष पद का ताज पहनाकर एक नई इबारत लिखने का काम किया। मतगणना स्थल के गेट पर कटरा के हजारों समर्थकों ने पूजा कसाना, उनके पति दानिश जीशान खान को फूल मालाओं से लाद दिया और जिंदाबाद के नारे लगाते हुए भरी पीस बल की निगरानी में कटरा को कुछ कर गए। इस दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ ज्योति यादव, एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज, कोतवाल जुगुल किशोर पाल, इंस्पेक्टर सिंधौली रविन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार मनु माथुर, सौरभ त्रिपाठी समेत तमाम अधिकारी व एलआइयू टीम मौजूद रही।

## मतगणना स्थल का एसपी ग्रामीण ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी

**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देशन में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे द्वारा कटरा नगर पंचायत उपचुनाव की चल रही मतगणना के दृष्टिगत मतगणना स्थल तिलहर ब्लाक का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल पर तैनात पुलिस बल, पीएसी एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा ड्यूटी पर नियुक्त समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को सतर्कता, निष्पक्षता, अनुशासन एवं पूर्ण सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना परिसर के प्रवेश एवं निकास द्वार, बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग स्थल, स्ट्रांग रूम के आसपास के क्षेत्र, अभ्यर्थियों व मतगणना अभिकर्ताओं के आवागमन मार्ग तथा परिसर के संवेदनशील बिंदुओं का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था पूर्णतः बनाए रखी जाए, प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति अथवा अवांछनीय गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रभावी एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मतगणना स्थल के आसपास भ्रमणशील पुलिस टीमों, चेकिंग व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

# अंबेडकर की प्रतिमा की अंगुली हुई क्षतिग्रस्त

- पुलिस ने कारीगर बुलाकर सही कराई प्रतिमा, पुलिस को शाम तक नहीं मिली कोई तहरीर

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा के हेतमपुर गांव में डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने से विशेष समाज के लोग एकत्र हो गये। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्काल कारीगर को बुलाकर क्षतिग्रस्त अंगुली को ठीक करा दिया। फिलहाल इस संबंध में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई हैं।

गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि किसी अराजक तत्व ने हेतमपुर गांव में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की अंगुली क्षतिग्रस्त कर दी है। मूर्ति तोड़े जाने की सूचना मिलते ही एक समाज के लोग एकत्र हो गये। मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंच कर देखा तो प्रतिमा की अंगुली का प्लास्टर छूटा हुआ था। जिस पर पुलिस ने पहले जांच पड़ताल की फिर गांव वालों को समझा-बुझा कर फौरन ही मूर्तिकार को बुलाकर प्रतिमा की अंगुली सही करवाई। वही रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया प्रतिमा की अंगुली को सही करवा दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है प्रतिमा की अंगुली किसी अराजक तत्व ने क्षतिग्रस्त की है या आंधी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई है। फिलहाल इस संबंध में कोई भी तहरीर नहीं मिली हैं।

## पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री के लिए कर सकते हैं आवेदन

**शाहजहांपुर।** एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने बताया है कि विगत वर्षों की भाँति आगामी गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी, 2027 को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधियाँ भारत सरकार द्वारा दी जानी हैं। आगामी वर्ष 2027 हेतु भी भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने की व्यवस्था की गई है। सम्बन्धित महानुभावध्महानुभावों के बारे संस्तुतियाँ राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी प्रस्तावित हैं। उल्लेखनीय है कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट उपलब्धि, योगदान एवं सेवा के लिए प्रश्नगत संस्तुतियाँ अपेक्षित हैं। उक्त उपाधियों के लिए महानुभाव ध्महानुभावों के व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में साइटेशन (दो प्रतियों में) में वांछित सूचना के साथ विलम्बतम दिनांक 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### सात वर्षीय बालक को एयरगन से गोली मारकर किया घायल, पुलिस ने आरोपी को माई एयरगन धर दबोचा



**तिलहर-शाहजहांपुर।** ननिहाल में आए सात वर्षीय बालक को जान से मारने की नीयत से एयरगन से गोली मारने के आरोपी को पुलिस ने एयरगन समेत गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कपसेडा निवासी रामू शर्मा पुत्र बाबूराम ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि कपसेडा के ही मो. युनुस पुत्र मेंहदी हसन द्वारा उसके भांजे सात वर्षीय कार्तिक शर्मा उर्फ कान्हा पुत्र अशोक शर्मा को जान से मारने की नीयत से एयरगन से गोली मार दी। जो कान के पास लगती हुई ऊपरी ओठ के पास जा निकली। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक को परिजन तत्काल रुहेलखंड अस्पताल ले जाया गया। खबर मिलते ही सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और स्थिति का जायजा। पुलिस ने तत्काल हत्या के प्रयास की धाराओं मे मामला दर्ज कर आरोपी को एयरगन समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल जुगुल किशोर पाल , एसआई अनुज चौधरी कांस्टेबिल विनय कुमार व सुमित सैनी शामिल रहे।

# कोर्ट से चैयरमैन की कुर्सी तक का सफर, विजयश्री को बताया जनता की जीत

- उपचुनाव में 124 मतदाताओं को पसंद नहीं आए एक भी प्रत्याशी
- निर्दलीय प्रत्याशी पूजा ने भाजपा प्रत्याशी सोनम को 401 मतों से हराया

**प्रभाकर मिश्रा**

**शाहजहांपुर।** कटरा नगर पंचायत उपचुनाव निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना के लिए चुनौतियों से भरा हुआ था। क्योंकि जिस जिले से सत्तापक्ष पार्टी के कद्दावर नेता, विधायकों, ब्लाक प्रमुखों द्वारा भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता के पक्ष में रात दिन एक करके चुनावी माहौल बना रहे हो। ऐसी स्थिति एक महिला निर्दलीय प्रत्याशी का टिकना बड़ी बात थी। दूसरी ओर अन्य दलों में सपा, कांग्रेस द्वारा भी पूरी ताकत उपचुनाव जीतने के लिए झोंकी गई थी। इन तमाम अड़चनों का चक्रव्यूह तोड़ते हुए, पूजा ने 401 मतों से विजयीश्री हासिल कर जिले की राजनीति में अलग संदेश दिया है।

बात अगर पूजा की चेयरमैन बनने की करे तो इससे पहले निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना व भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता ने शाहजहांपुर जिला न्यायायल का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाकर्ताओं ने 2025 में जिला न्यायालय में एक याचिका में दर्शाया था कि पूर्व चैयरमैन मुख्तियार अहमद द्वारा हलफनामे में आपराधिक मामलों को छिपाने व पीलीभीत के साथ साथ शाहजहांपुर में भी वोट डालने अआ जिक्र किया था।जिस पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव शून्य घोषित करते हुए अध्यक्ष मुख्तियार अहमद पर चार साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद से पूजा कसाना सक्रिय हो गई थी। उन्होंने तभी कह दिया था कि यह जीत कटरा की जनता की जीत है। उसके बाद उन्होंने उपचुनाव में पूरी दमदारी से चुनाव लड़कर फतह हासिल की।

### ईमानदारी व जनता की जीत



नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर विजयीश्री पाने के बाद मीडिया से मुखातिब हुई, पूजा कसाना ने पहले तो मीडियाकर्मियों को धन्यवाद बोला। उन्होंने कहा कि समस्त मीडिया ने बहुत सहयोग किया है। यह मेरी जीत नहीं है, यह ईमानदारी व जनता की जीत है। कटरा की जनता ने जो भरोसा जताया है, मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि वह बरकरार रहे। मुझसे ज्यादा तो खुशी उन लोगों को हुई है, जिन्होंने हमको जिताया है।

> उपचुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करा ली गई है। छह राउंड में मतगणना संपन्न हुई, इसमें निर्दलीय प्रत्याशी पूजा कसाना को जीत मिली है। जिनको रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे।
>
> **-रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन**

> कटरा उपचुनाव जनपद न्यायालय में 2025 में दायर की गई, याचिका के बाद कराया गया था। कोर्ट ने कटरा नगर पंचायत चुनाव को घोषित करते हुए, चुनाव कराने को कहा था। जिसके बाद पुनः उपचुनाव कराया गया। जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी विजयी घोषित की गई है। निरस्त वोटों की संख्या 360 रही है और 13148 कुल वोट पड़े हैं।
>
> **-राजेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत**

### 124 मतदाताओं को पसंद नहीं आए एक भी प्रत्याशी

| | | |
|---|---|---|
| निर्दलीय - | पूजा कसाना- | 4375 |
| सपा - | भरत पटेल- | 488 |
| कांग्रेस- | वाजिद- | 3109 |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - | सरवेद अहमद- | 234 |
| भाजपा - | सोनम गुप्ता- | 3974 |
| निर्दलीय - | अब्दुल समद- | 252 |
| निर्दलीय - | रचना- | 83 |
| निर्दलीय - | रजी अहमद- | 83 |
| निर्दलीय- | वसीम- | 66 |
| नोटा- | | 124 |
| निरस्त - | | 360 |
| वोट पड़े- | | 13148 |
| वोट वैध- | | 12788 |
| **वोट कुल-** | | **31465** |

# भुन्नीखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय नौसना में शिक्षा चौपाल का आयोजन



**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

न्याय पंचायत भुन्नीखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय नौसना में शिक्षा चौपाल का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों, शिक्षकों एवं समुदाय के मध्य संवाद स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र नामांकन, नियमित उपस्थिति, निपुण भारत मिशन, विद्यालय विकास तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना रहा।चौपाल में मौजूद लोगों को शिक्षा के महत्व, बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, बालिका शिक्षा, स्वच्छ एवं सुरक्षित विद्यालय वातावरण तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया गया। चौपाल में अभिभावकों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने में सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा शिक्षा चौपाल के माध्यम से विद्यालय और समुदाय के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक संकुल,ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष के साथ समस्त शिक्षक और अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# जनगणना: स्व-गणना की प्रक्रिया प्रारंभ, 21 मई तक कर सकेंगे स्वःगणना

- डीएम व एडीएम वित्त ने आवास से स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर दिया मैसेज

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत स्व-गणना अवधि के गुरुवार को प्रथम दिवस पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने अपने-अपने आवास से स्वरूगणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर जनपदवासियों को जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया।

डीएम ने कहा कि हम सभी भारत की जनगणना 2027 में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा राष्ट्र निर्माण एवं समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक होगी। जनगणना के शुरू होने से 15 दिन पूर्व यानि की 7 मई से 21 मई तक स्वरूगणना करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लोग स्वयं अपने मोबाईल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे। स्व गणना देश में पहली बार हो रहा है जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज एवं पारदर्शी रहेगी।

स्व गणना करने वाले लोग ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार से जुडी समस्त जानकारी खुद भर सकेंगे। सुरक्षित करने पर 11 अंकों की एक स्व गणना पहचान संख्या एसईआईडी जारी होगी जिसे सुरक्षित नोट कर रख लेंगे। स्वः गणना के बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। जिन्होंने पहले ही स्व गणना कर ली है, उन्हें अपनों 11 अंकों की एसईआईडी बतानी होगी। प्रगणक एसईआईडी दर्ज कर जानकारी का सत्यापन कर लेंगे।

# हल्की बारिश में खुदागंज, जलालपुर मार्ग बना तालाब, राहगीरों को भारी परेशानी

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खुदागंज क्षेत्र में हुई हल्की बूंदाबांदी ने ही विकास कार्यों की पोल खोल दी। खुदागंज से जलालपुर आने वाला मुख्य मार्ग बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव का शिकार हो गया, जिससे पूरी सड़क तालाब जैसी नजर आने लगी। सड़क पर पानी भर जाने से राहगीरों, बाइक सवारों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाना निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। कई जगहों पर गड्ढों में पानी भर जाने से हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को काफी सावधानी के साथ निकलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, लेकिन जलभराव के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की मरम्मत और जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को राहत मिल सके।

**अदालती सूचना**

**ता.पेशी 11.05.2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर शाहजहांपुर**

वाद सं. 2850 वर्ष 2025 धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहित भूमि स्थित ग्राम जमुही तह. सदर जिला शाहजहांपुर

किशन पाल सिंह

बनाम

नारायन सिंह आदि बनाम 1- नारायन सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम जमुही परगना व तह. सदर जिला शाहजहांपुर वर्तमान निवासी कोयला कालोनी निकट गुरूद्वारा रौजा शाहजहांपुर 2- श्रीमती अखिलेश सिंह पत्नी संग्राम सिंह उर्फ अशोक कुमार सिंह निवासी ग्रा व पो. चैला तहसील सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी 3- राम मिश्रा पुत्र राकेश कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला आन्नदपुरम कालोनी नगर व जनपद शाहजहांपुर ...प्रतिवादीगण।

चूंकि कि उपरिनिमांकित किशन पाल सिंह वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता का दिया है अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026ई.के माह 05 के 11 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2026 के माह 05 के 06 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार पेशकार/अहलमद (माल) उप जिला अधिकारी सदर शाहजहांपुर।**

**संबंध विच्छेद**

मैंने व मेरी पत्नी नयाव जहां ने अपने पुत्र मोहम्मद मुकीम को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **मोहम्मद सलीम पुत्र लियाकत हुसैन नि.मो. तारीन टिकली थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर।**

**अदालती सूचना**

**ता.पेशी 11.05.2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर शाहजहांपुर**

वाद सं. 2852 वर्ष 2025 धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहित भूमि स्थित ग्राम जमुही तह. सदर जिला शाहजहांपुर

किशन पाल सिंह

बनाम

नारायन सिंह आदि बनाम 1- नारायन सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम जमुही परगना व तह. सदर जिला शाहजहांपुर 2- श्रीमती अखिलेश सिंह पत्नी संग्राम सिंह उर्फ अशोक कुमार सिंह निवासी ग्रा व पो. चैला तहसील सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी ...प्रतिवादीगण।

चूंकि कि उपरिनिमांकित किशन पाल सिंह वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता का दिया है अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026ई.के माह 05 के 11 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2026 के माह 05 के 06 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार पेशकार/अहलमद (माल) उप जिला अधिकारी सदर शाहजहांपुर।**

# चेतावनी के धमाके

गाहे-बगाहे पंजाब में शांति भंग करने के अनेक कुत्सित प्रयास होते नजर आए हैं। सीमा पार से पंजाब का सुख-चैन छीनने के षड़यंत्र काले दौर से लेकर अब तक रुके नहीं हैं। नशे और बेरोजगारी को हथियार बनाकर भटके युवाओं को इन साजिशों का हथियार बनाने के मामले भी उजागर हुए हैं। पंजाब में हाल ही में दो धमाके हुए, पहला जालंधर में बीएसएफ चौकी के बाहर और दूसरा अमृतसर में सेना की छावनी के पास हुआ। सेना और सुरक्षा बलों को लक्षित इन हमलों के घातक मंसूबों को समझा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर समय और लक्ष्य के लिहाज से इतने करीबी हमलों के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है कि ये महज सामान्य मामले नहीं थे। अब भले ही इन धमाकों की तीव्रता कम रही हो, लेकिन इनमें गंभीर रणनीतिक चेतावनी छिपी है। वह ये कि भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के संवेदनशील क्षेत्रों की हिफाजत को आंका जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पंजाब के डीजीपी गौरव यादव द्वारा सैन्य क्षेत्र के पास हुए धमाकों में विस्फोटक उपकरण यानी आईडीपी के इस्तेमाल की पुष्टि करना, खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। निस्संदेह, ये महज आकस्मिक घटनाएं मात्र नहीं हैं। ये सुनियोजित तरीके व जासूसी के जरिये रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास की कमजोर कड़ियों को तलाशने की कुत्सित कोशिश है। अब चाहे इन आतंकी गतिविधियों के तार स्थानीय साजिश से जुड़े हों या फिर सीमा पार से साजिश को अंजाम दिया गया हो, कह सकते हैं कि मिलाजुला षड़यंत्र हो, मगर तौर-तरीका स्पष्ट है। हालांकि, राजनीतिक दल अपनी राजनीतिक लाइन के अनुरूप बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका दोष भाजपा पर मढ़ा है। वहीं भाजपा आप सरकार पर आरोप लगा रही है कि वह राज्य को सुरक्षा देने में विफल रही है। बहरहाल, भले ही आरोप-प्रत्यारोप का यह खेल नेताओं को राजनीतिक लाभ-हानि के गणित के अनुरूप लगता हो, मगर राज्य की सुरक्षा के नजरिये से अदूरदर्शी कदम ही कहा जाएगा। यह विडंबना ही है कि पंजाब के राजनेता अतीत के स्याह दौर की घातकता से कोई सबक नहीं सीखते हैं। राजनेताओं की संकीर्णता और दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज करके की गई बयानबाजी ही चिंगारी को आग बनाने का काम करती है। जिसकी कीमत दशकों तक पंजाब के लोगों व राज्य की अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ती है। यह सामान्य तथ्य है कि कि जब भी इस संवेदनशील व सीमावर्ती राज्य पर कोई सुरक्षा संकट पैदा हो, उसके लिये राजनीतिक भेदभाव भुलाकर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। टकराव की राजनीति से राज्य का अहित ही होगा। निस्संदेह, पंजाब का अतीत इस मामूली अशांति के प्रति भी विशेष रूप से संवेदनशील होने की जरूरत बताता है। दशकों तक पंजाब ने सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था और खुफिया जानकारी पर आधारित अभियानों हेतु देशव्यापी ख्याति अर्जित की है। लेकिन हाल की घटनाओं ने हमारी सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया ही है। यह गंभीर मसला है कि इस सीमावर्ती संवेदनशील राज्य में दस दिनों के भीतर तीन सुनियोजित व उच्च तकनीक से लैस विस्फोट हुए हैं। ये धमाके सभी पक्षों की मेहनत से अर्जित साख को धूमिल करने के जोखिम को बढ़ाते हैं। सवाल मात्र यही नहीं है कि इन धमाकों के लिये कौन जिम्मेदार है। प्रश्न यह भी है कि क्या इन धमाकों के बाबत खुफिया सूचनाओं को नजरअंदाज किया गया है? या फिर मिली हुई खुफिया सूचनाओं के आधार पर समन्वित प्रतिक्रिया देने में कहीं चूक हुई है? वास्तव में वक्त की सबसे बड़ी जरूरत इस बात को लेकर है कि हम ऐसी किसी भी चुनौती को लेकर एक समन्वित प्रतिक्रिया दें। केंद्र व राज्य सरकार की एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी का बेहतर ढंग से आदान-प्रदान किया जाए। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा घेरे के दायरे का तत्काल प्रभाव से सुरक्षा ऑडिट किया जाए। इन साजिशों पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। खासकर लगातार गहरी होती ड्रोन आधारित घुसपैठ के खतरों को रोकने के लिये युद्धस्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता है। ड्रोन आज अवैध हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी का साधन बन रहे हैं। जनता का मनोबल बढ़ाना जरूरी है, लेकिन सुरक्षा जोखिमों को कम न आंका जाए।

# हर सत्ता अपना अंत स्वयं लिखती है

*विजय मनोहर तिवारी*



पश्चिम बंगाल की राजनीति पाप का एक ऐसा घड़ा भर रही थी, जो कब का लबालब हो चुका था। उसे इतनी ही जोर से फूटना ही था। अब तक तीन ताकतें ही बंगाल में काबिज रहीं। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और फिर टीएमसी। तीनों ही अलग नहीं हैं। तीसरी ताकत पहली से टूट कर ही बनी। पहली और दूसरी की यारी ईमान पर टिकी थी। ईमान का यह तत्व टीएमसी में जन्मजात था। ईमान को मजबूत बताने की होड़ तय करती थी कि घुसपैठियों के प्रति कौन कितना दयावान है। इन नतीजों ने देश के दूसरे हिस्सों में पहले ही दिवालिया हो चुके मजहबी वोटबैंक की एक और मजबूत ब्रांच को उजाड़ दिया है।

कम्युनिस्टों के लंबे कब्जे में आने के बाद कोलकाता धीरे-धीरे एक कबाड़खाना ही बन गया। नाजायज कब्जों और वसूली का ऐसा मॉडल शायद ही देश में कहीं हो। शानदार शोरूम वाले भीड़ भरे बाजारों के चौड़े फुटपाथ अतिक्रमण में ऐसी दुकानों को दे दिए गए, जिनके मुंह शोरूम की तरफ थे। पूरे कोलकाता में यह एक समांतर अर्थव्यवस्था है, जिसकी सत्ता कम्युनिस्टों के हाथ से खिसक कर टीएमसी के हाथ में आ गई क्योंकि हारने के बाद गलियों के सारे कम्युनिस्ट गिरोह टीएमसी की तगाड़ी उठाने लग गए। कुछ नहीं बदला। पोरिबर्तन केवल एक नारा साबित हुआ था।

अंग्रेज आर्किटेक्ट और टाउन प्लानर आज के कोलकाता में राइटर्स बिल्डिंग से होकर तीन-चार किलोमीटर चारों ओर के बाजारों और फुटपाथों पर घूमकर देखें तो एक स्वर कहेंगे- ये इसी लायक थे।

केवल कोलकाता ही नहीं दूसरे शहरों में भी बंगाल विचित्र है। रेलवे स्टेशनों पर आपने कब्जे बाहर देखे होंगे मगर स्टेशन मास्टर के ऑफिस से सटकर दोनों तरफ प्लेटफॉर्मों पर रेल के डिब्बों की तरफ खुलती दुकानों का बाजार देश में कहीं नहीं देखा होगा। रेलवे की जमीन पर प्लेटफार्मों पर कब्जों का यह अनूठा प्रयोग केवल बंगाल में ही संभव हुआ। रेलमंत्री या मुख्यमंत्री बनने के बाद ममता बनर्जी के पोरिबर्तन में यह कोई विषय ही नहीं था। नशे के फैलाव के कारण पंजाब को एक फिल्म में उड़ता हुआ पंजाब कहा गया। बंगाल की कई यात्राओं के बाद मैंने बहुत दुख से इसे सड़ता हुआ बंगाल कहा था। ये नतीजे बता रहे हैं कुछ उम्मीद बाकी है। वह पूरी तरह सड़ा नहीं है।

जनवरी में मेरा वेलूर मठ और दक्षिणेश्वर जाना हुआ। पहले भी गया हूँ और कोलकाता के वे स्थान, जहाँ स्वामी विवेकानंद की स्मृतियाँ ताजा हैं। महर्षि अरविंदो, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, बंकिमचंद्र, शरतचंद्र के अलावा बड़ा बाजार की पुरानी इमारतों के बीच ठाकुरबाड़ी, जहाँ गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर के परिवार की अनगिनत यादें हैं। हर बार मैं सोचता रहा कि ये विभूतियाँ अगर आज के बंगाल की हालत देखें तो क्या सोचेंगी? इतने गहरे सांस्कृतिक संस्कारों और सरोकारों वाले पुनर्जागरण की भूमि को यह कौन-सा अभिशाप जकड़े हुए है?

बंकिम अपनी मातृभूमि का वंदन करने के लिए उस सरहद के किस तरफ मुंह करेंगे, जिसकी दूसरी ओर से आने वाले अपराधी घुसपैठिए इस तरफ के बंगाल का राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र और समाज शास्त्र उलटने में लगे हैं और उन्हें पोसने वाले यहाँ वंदनवार सजाए हुए हैं। उन्हें कोलकाता से ढाका तक देखना होगा कि डायरेक्ट एक्शन से रक्तरंजित उनकी मातृभूमि किस बुरे हाल से गुजरी है और रक्तबीजों की अमरबेल कहाँ-कहाँ लिपटी पड़ी है। अतीत में झाँकना हर समय सुखद नहीं होता मगर वह ब्लैक एंड व्हाइट में कुछ निष्कर्ष हमें जरूर देता है।

कोई भी राजनीतिक दल सीटों की संख्या के हिसाब से सिमटना और सिकुड़ना बाद में शुरू करता है, पहले वह वैचारिक रूप से दिवालिया होता है। विचार ही राजनीति में महत्वपूर्ण है। आजादी के बाद का इतिहास हर दशक में हर राज्य में अपनी परतें उघाड़ता है।

स्वाधीनता संघर्ष की खुमारी सत्ता में जितना टिकाए रख सकती थी, टिकाया मगर भारत के लिए कोई नया और मौलिक विचार उस दौर की राजनीति पैदा नहीं कर सकी। सत्ता ही विचार में थी, जो केंद्र के बाद राज्यों में भी परिवार केंद्रित होती गई। इसलिए आपातकाल तक आते-आते सब बिखरने लगा। विचारहीन राजनीति कोई सबक सीखने लायक भी नहीं बचती। बूढ़े दरख्त की सूखी शाख ठूँठ हो जाती हैं। हरी कोंपले वहाँ नहीं आती। रात के वक्त वहाँ बैठे उल्लू सिर घुमाकर आँखें चमकाते हैं।

आजादी के बाद हुए हजारों छोटे-बड़े आंदोलनों को देखें। ऐसे आंदोलन जिन्होंने देश की राजनीति को स्थाई रूप से प्रभावित और परिवर्तित किया। अयोध्या के राममंदिर आंदोलन को आप किस कसौटी पर रखेंगे? एक विचार को लेकर कुछ नेता एक नई-नई पार्टी बनाकर देश में घूमते-भटकते रहे।

उन्हें दकियानूसी कहा गया, जिनका आधुनिक विश्व की जरूरतों से कोई सरोकार नहीं था। वे बार-बार की हार से भी नहीं हारे। हार-हारकर भी अपने विचार पर टिके रहे- तुष्टिकरण का विरोध, कश्मीर में 370, समान नागरिक संहिता और अयोध्या में एक मंदिर। सब हँसते थे। गरियाते थे। मजाक उड़ाते थे। मगर उनके पास कोई दूसरा मौलिक विचार भी नहीं था। दिल्ली, लखनऊ, पटना, श्रीनगर, चेन्नई, चंडीगढ़ में सत्ता परिवारों के पास थी। विचारहीन पारिवारिक रियासतें, जिनके लिए सत्ता ही विचार थी।

बंगाल पर लौटते हैं। बंगाल एक कठिन और जटिल राजनीतिक भूमि है। दशकों की बिगड़ी आदतें हैं, जो रक्त में समा गई हैं और इनका शुद्धिकरण सरल नहीं है। दो सौ पार का यह परिणाम बेचैन बंगालियों की अनंत अपेक्षाओं का एक भारी-भरकम बोझ भी है, जो अब नए कंधों पर है। मगर असंभव को संभव बनाना भी केवल राजनीति से ही संभव है। बिहार, यूपी और असम में एक जैसी समस्याओं का विस्तार है, जिनमें डेमोग्राफी सबसे चिंतानक है। वोट बैंक बनाकर तुष्टिकरण की राजनीति ने इस घुन को लगभग पूरे देश में फैलने के लिए अनुकूल जमीन तैयार की है, जिसके बुरे परिणाम पूरे देश में उबलते देखे जाते हैं।

बंगाल के नए नेतृत्व को वास्तविक परिवर्तन के लिए असम, यूपी और उत्तराखंड के तजुर्बों से बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है। परिणाममूलक परिवर्तन के कुछ सूत्र हेमंता बिस्वा सरमा से लेने ही पड़ेंगे, कुछ पाठ योगी आदित्यनाथ से सीखने होंगे और थोड़ा सा पुष्कर सिंह धामी की पहली कक्षा में झांकते हुए आगे बढ़ना होगा। इन तीनों सीनियर्स में एक को तीसरी बार चुना गया है, दूसरे दूसरी पारी खेल रहे हैं और तीसरे पहली बार के सीएम हैं। इस गुरुकुल में केवल ये तीन ही बंगाल के नए नेतृत्व के लिए अनुकरणीय पाठशालाएँ हैं और सबसे ऊपर दिल्ली के कुलाधिपति। कठोर अनुशासन, सुविचारित योजना, निर्णय क्षमता और निडरता से क्रियान्वयन कुछ ऐसे मंत्र हैं, जो सबके लिए प्रभावी होते हैं। इन पर अमल के लिए किसी ने किसी को नहीं रोका है।

बंगाल लंबे समय के लिए अवसर देता है। वह दूसरे उन राज्यों जैसा नहीं है, जहाँ एक बार ये और दूसरी बार वो। बंगाल बार-बार के बदलाव में यकीन नहीं करता। वह एक बार ही झाडू फेर देता है। आजादी के बाद कांग्रेस सिरमौर रही, तीन दशक तक कम्युनिस्टों को सिर पर बैठाया और डेढ़ तक टीएमसी को लादे रहा। दोनों के चक्कर में कीमती 50 साल बरबाद हो गए। देश कहाँ से कहाँ पहुँच गया और बंगाल किस चक्रव्यूह में फँसा रहा।

अब अगले खिलाड़ी विजेता बनकर आ रहे हैं तो 80 साल के इन तजुर्बों से कुछ सीखकर वे उम्मीदें जगा सकते हैं। एक लंबी पारी उनके हिस्से में है। 15 साल पहले टीएमसी ने बड़े जोर से परिवर्तन का नारा कम्युनिस्टों के कुशासन से मुक्ति के रूप में दिया गया था। मगर टीएमसी ने कम्युनिस्टों की राजनीतिक टेम्पलेट से ही काम चलाकर बंगाल की बदहाली को और बढ़ा दिया। परिवर्तन के अब तक नारे सुनता रहा बंगाल क्या सचमुच में परिवर्तन का स्वाद चख पाएगा? सत्ता अपना आरंभ स्वयं लिखती है और अपना अंत भी। बंगाल में एक अंत लिखा गया है और एक आरंभ भी!

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अनुदान से फला-फूला सुनील कुमार यादव का बकरी पालन

उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध खेती और पशुपालन से है। किसानों की आय को दोगुना करने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश का पशुपालन विभाग कई महत्वाकांक्षी और लाभकारी अनुदान योजनाएं संचालित कर रहा है। इन योजनाओं का मुख्य लक्ष्य पशुधन की उत्पादकता बढ़ाना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

इन राज्य स्तरीय योजनाओं को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) भी संचालित है, जो उद्यमिता विकास के तहत भेड़, बकरी, सूअर और कुक्कुट पालन के लिए 50 प्रतिशत (अधिकतम रु. 50 लाख) तक की पूंजीगत सब्सिडी उपलब्ध करा रहा है।

इन्हीं लाभकारी सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर जनपद इटावा के ग्राम नगला कैन्ही निवासी श्री सुनील कुमार यादव ने अपनी मेहनत, लगन और दूरदृष्टि से सफलता की एक नई इबारत लिखी है। हाईस्कूल तक की शिक्षा प्राप्त सुनील एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। प्रारंभिक दौर में वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए पूरी तरह से पारंपरिक कृषि कार्यों पर निर्भर थे। पारंपरिक खेती से होने वाली सीमित आय और मौसम की अनिश्चितताओं के कारण उनके सामने अक्सर आर्थिक चुनौतियां खड़ी रहती थीं। परिवार की जरूरतों को पूरा करने और एक सुरक्षित भविष्य के निर्माण की चाह में उन्होंने स्वरोजगार के नए अवसर तलाशने शुरू किए। इसी खोज के दौरान उनका रुझान कम निवेश और सीमित स्थान में अधिक लाभ देने वाले बकरी पालन व्यवसाय की ओर हुआ, जिसके लिए ग्रामीण परिवेश पूरी तरह से अनुकूल था।



वर्ष 2023 में सुनील जी ने आत्मविश्वास के साथ मात्र 8-10 बकरियों के साथ बहुत ही छोटे स्तर पर यह कार्य शुरू किया। शुरुआती दिनों में अनुभव की कमी के कारण उन्हें उन्नत नस्ल के चयन, पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, सही पोषण और बाजार तक अपनी पहुंच बनाने जैसी कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई बार ऐसा लगा कि यह राह बहुत मुश्किल है, लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय निरंतर अपने अनुभव और ज्ञान को बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। इसी संघर्षपूर्ण दौर में पशुपालन विभाग के माध्यम से उन्हें भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) के बारे में विस्तार से जानकारी मिली।

पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए आवेदन प्रक्रिया से लेकर पूरी परियोजना के निर्माण तक में सुनील कुमार यादव का कदम-कदम पर साथ दिया। विभाग के सहयोग से उन्हें केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान (CIRG), मथुरा के वरिष्ठ विशेषज्ञों के निर्देशन में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिला। इस प्रशिक्षण ने उनके दृष्टिकोण को पूरी तरह बदल दिया, जहां उन्हें उन्नत नस्लों की सटीक पहचान, बकरियों के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार, मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण और वैज्ञानिक प्रजनन प्रबंधन की गहरी तकनीकी समझ प्राप्त हुई।


वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सुनील जी का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ गया। वर्ष 2023 में ही राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के अंतर्गत उनका आवेदन स्वीकृत कर लिया गया। इस स्वीकृति के आधार पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की जसवंतनगर शाखा ने उनके उद्यम के लिए लगभग 8 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया, जिसमें भारत सरकार के प्रावधानों के अनुरूप 50 प्रतिशत का भारी अनुदान शामिल था।

यह मजबूत वित्तीय सहायता उनके बकरी पालन व्यवसाय के लिए एक संजीवनी साबित हुई। सरकारी सहायता से मिली इस पूंजी का सदुपयोग करते हुए सुनील जी ने अपने फार्म का एक आधुनिक और वैज्ञानिक ढंग से विस्तार करना शुरू किया। उन्होंने बकरियों के रहने के लिए ऐसा वैज्ञानिक शेड बनवाया, जिसमें स्वच्छता, उचित वेंटिलेशन और जंगली जानवरों से सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया था। चारे की समुचित व्यवस्था के लिए आधुनिक तरीके अपनाए, स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की और पशु चिकित्सकों की सलाह पर नियमित टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण कराया। इन सभी व्यवस्थित और वैज्ञानिक उपायों के कारण बकरियों के स्वास्थ्य, उनके विकास और फार्म की कुल उत्पादकता में अभूतपूर्व सुधार हुआ।

आज सुनील कुमार यादव का फार्म इलाके में आधुनिक पशुपालन का एक उत्कृष्ट मॉडल बन चुका है, जहां उच्च गुणवत्ता की उन्नत नस्लों का पालन पूरी वैज्ञानिक प्रक्रिया के साथ हो रहा है। वे बकरी के दूध, उनके पौष्टिक मांस और उच्च नस्ल के बच्चों की बिक्री के माध्यम से सालाना लगभग 10 लाख रुपये की शानदार आय अर्जित कर रहे हैं, जो उनकी प्रारंभिक कृषि आय के मुकाबले कई गुना अधिक है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, इटावा और उनकी सक्रिय टीम से समय-समय पर मिलने वाले तकनीकी मार्गदर्शन और त्वरित पशु चिकित्सा सेवाओं ने उनके इस व्यवसाय को एक सुरक्षित, टिकाऊ और भारी मुनाफे वाले उद्यम में तब्दील कर दिया है।

यह सफर महज एक किसान की व्यक्तिगत आर्थिक उपलब्धि की कहानी नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अंचलों में छिपी अपार संभावनाओं को सामने लाता है। अपनी बढ़ती आय के साथ सुनील जी ने अपने उद्यम में चार अन्य स्थानीय युवाओं को भी स्थायी रोजगार प्रदान किया है, जो गांवों से शहरों की ओर होने वाले पलायन को रोकने की दिशा में एक बेहद सकारात्मक और अनुकरणीय कदम है। वे लगातार अपने आस-पास के किसानों को आधुनिक तकनीकों के संवर्धन और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। एक छोटे से गांव के साधनहीन किसान की यह उद्यमशीलता आज एक मिसाल बन गई है अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, सही वैज्ञानिक प्रशिक्षण और कल्याणकारी सरकारी नीतियों के माध्यम से उन्होंने आत्मनिर्भरता का एक सशक्त उदाहरण सबके सामने रखा है।

## साहित्य




### हौसलों से उम्मीद...!

**संजय एम तराणेकर**

*अंधेरों से क्यों डरना है, जब भीतर दीप जला है,*
*रास्ते चाहे कठिन हों, हौसलों से उन्हें सजाना है।*
*ये ठोकरें ही सिखाती हैं, कैसे आगे बढ़ जाना है,*
*गिरकर फिर उठ जाना, ये जीवन का तराना है।*

*सपनों को मत सोने दो, उन्हें हकीकत बनाना है,*
*आज नहीं तो कल ही, मंजिल तक तो जाना है।*
*हवा तेज़ हो या आँधी, दीपक फिर भी जलता है,*
*जो खुद पर विश्वास रखे, वही सदा संभलता है।*

*उम्मीद की ये छोटी लौ, अंधेरा सब हर जाती है,*
*जो कभी हार नहीं माने, वो जीत वरण करता है।*
*उजालों की ओर जो देखें, वहीं तो टिक पाता है,*
*ख्वाब और ख्वाहिशे बड़ी, वही प्रेम गीत गाता है।*



# राशिफल

**मेषः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति के लिये मन चिंतित होगा।

**वृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्याः-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय के लिये प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव।

# जनपद चित्रकूट की तहसील मानिकपुर के जरेरा टैंक के जीर्णोद्धार से किसानों को मिला पानी

*इंजेश सिंह*

जनपद चित्रकूट के तहसील मानिकपुर के अंतर्गत आने वाला पाठा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से एक चुनौतीपूर्ण इलाका माना जाता है, जहाँ पथरीली भूमि, असमान स्थलाकृति तथा सीमित जल संसाधनों के कारण कृषि कार्य सदैव कठिन रहा है। इस क्षेत्र में स्थित जरेरा टैंक (तालाब), जिसका निर्माण कई वर्षों पूर्व स्थानीय किसानों के लिए एक प्रमुख जल स्रोत के रूप में स्थापित हुआ था। लगभग 0.350 किलोमीटर लंबाई और 2.69 मिलियन क्यूबिक मीटर (MCM) जल भंडारण क्षमता वाला यह टैंक प्रारंभिक वर्षों में सिंचाई, पशुपालन तथा अन्य ग्रामीण आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। समय के साथ यह टैंक क्षेत्रीय जल प्रबंधन का आधार बना था, लेकिन धीरे-धीरे इसमें एक गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई, जिसने इसकी उपयोगिता को लगभग समाप्त कर दिया।

वर्षों के उपयोग और प्राकृतिक कारणों के चलते टैंक में भूमिगत सीपेज (Seepage) की समस्या अत्यधिक बढ़ गई। टैंक वर्षा ऋतु में तो पूर्ण रूप से भर जाता था, परंतु चट्टानी संरचना में मौजूद सूक्ष्म एवं विस्तृत दरारों (त्वबा थेनतमे) के कारण पानी धीरे-धीरे जमीन के भीतर रिसने लगता था। परिणामस्वरूप, वर्षा समाप्त होने के कुछ ही समय बाद जल स्तर तेजी से गिरने लगता था और नवंबर माह से पहले ही टैंक लगभग खाली हो जाता था। इस स्थिति का सीधा प्रभाव क्षेत्र के किसानों पर पड़ता था, विशेष रूप से रबी फसल के समय, जब सिंचाई के लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। पानी की अनुपलब्धता के कारण किसान सीमित क्षेत्र में ही खेती कर पाते थे, जिससे उनकी आय प्रभावित होती थी और आर्थिक अस्थिरता बनी रहती थी। इसके साथ ही, लगातार जल रिसाव के कारण आसपास के क्षेत्रों का भूजल स्तर भी गिरता जा रहा था, जिससे पेयजल संकट भी गहराने लगा था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा विस्तृत तकनीकी सर्वेक्षण एवं अध्ययन कराया गया। अध्ययन में यह स्पष्ट हुआ कि टैंक के अपस्ट्रीम क्षेत्र में चट्टानों के भीतर कई स्थानों पर अवपके और fissures मौजूद हैं, जो जल के रिसाव के मुख्य कारण हैं। पारंपरिक उपाय, जैसे मिट्टी भराई या सतही मरम्मत, इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पा रहे थे। इसलिए एक वैज्ञानिक एवं दीर्घकालिक समाधान अपनाने की आवश्यकता महसूस की गई। इसी के तहत सीमेंटेशियस ग्राउटिंग (Cementitious Grouting) अथवा कर्टेन ग्राउटिंग (Curtain Grouting) तकनीक को अपनाने का निर्णय लिया गया, जो जलाशयों में सीपेज नियंत्रण के लिए एक प्रभावी और प्रमाणित तकनीक मानी जाती है।

कार्य के अंतर्गत टैंक के अपस्ट्रीम में 0.100 किलोमीटर से 0.300 किलोमीटर के बीच लगभग 200 मीटर लंबाई में ग्राउटिंग कार्य किया गया। इस प्रक्रिया में सबसे पहले निर्धारित क्षेत्र में तीन पंक्तियों (Rows) में ड्रिलिंग की गई, जिनके बीच की दूरी लगभग 3-3 मीटर रखी गई। प्रत्येक पंक्ति में 5-5 मीटर के अंतराल पर ड्रिल होल बनाए गए, जिनकी गहराई 4 मीटर तथा 7 मीटर (चट्टान के भीतर) तक रखी गई। इन होल्स को अल्टरनेट क्रम में तैयार किया गया, ताकि अधिकतम क्षेत्र को कवर किया जा सके और सभी संभावित दरारों तक सीमेंट स्लरी पहुँच सके। इसके बाद उच्च दबाव (Pressure) के साथ सीमेंट स्लरी को इन होल्स में डाला गया, जिससे यह स्लरी चट्टानों की दरारों और खाली स्थानों में फैलकर उन्हें पूरी तरह भर सके।

ग्राउटिंग की यह प्रक्रिया अत्यंत तकनीकी और सावधानीपूर्ण थी, क्योंकि इसमें सही दबाव, उचित मिश्रण अनुपात तथा सटीक ड्रिलिंग की आवश्यकता होती है। यदि इन मानकों का सही पालन न किया जाए, तो अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो सकते। इस कार्य के दौरान कई व्यावहारिक चुनौतियाँ भी सामने आईं। विशेष रूप से, अपस्ट्रीम क्षेत्र में अत्यधिक कीचड़ (Slush) होने के कारण ड्रिलिंग मशीनों को स्थापित करने और संचालित करने में कठिनाई हो रही थी। कई स्थानों पर ड्रिल होल स्थिर नहीं रह पा रहे थे, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इन समस्याओं के समाधान के लिए पहले कार्य स्थल से कीचड़ हटाया गया और उसके स्थान पर मिट्टी डालकर एक मजबूत आधार तैयार किया गया। इसके पश्चात चरणबद्ध तरीके से ड्रिलिंग और ग्राउटिंग कार्य को आगे बढ़ाया गया, जिससे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। इस वैज्ञानिक एवं सुनियोजित हस्तक्षेप के परिणाम अत्यंत सकारात्मक रहे। जून 2024 तक टैंक में सीपेज नियंत्रण का कार्य लगभग पूर्ण रूप से सफल हो गया। अब टैंक में संचित जल लंबे समय तक सुरक्षित रहने लगा है और अनावश्यक जल रिसाव में उल्लेखनीय कमी आई है। पहले जहाँ टैंक नवंबर से पहले ही खाली हो जाता था, वहीं अब इसमें वर्ष भर या लंबे समय तक पानी उपलब्ध रहने लगा है। इससे टैंक की जल धारण क्षमता में स्थायित्व आया है और यह पुनः एक विश्वसनीय जल स्रोत के रूप में स्थापित हो गया है। इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ क्षेत्र के किसानों को प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायत निही चिरइया सहित आसपास के गांवों के कृषकों को अब सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो रहा है। वर्ष 2024-25 में रबी फसल के दौरान कुल 1432 हेक्टेयर क्षेत्र में से 338 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुनिश्चित की जा सकी, जो पहले की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है, बल्कि किसानों की आय में भी सुधार हुआ है। किसान अब अधिक क्षेत्र में खेती कर पा रहे हैं और फ़सल की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। इसके अतिरिक्त, इस परियोजना का सकारात्मक प्रभाव पर्यावरण और सामाजिक जीवन पर भी देखा गया है। टैंक में जल उपलब्धता बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों का भूजल स्तर भी बढ़ा है, जिससे हैंडपंप और कुओं में पानी की उपलब्धता में सुधार हुआ है। क्षेत्र में हरियाली बढ़ी है और सूखे की स्थिति में भी जल उपलब्धता बनी रहती है। पशु-पक्षियों, वन्य-जीवों के लिए भी यह टैंक एक महत्वपूर्ण जल स्रोत बन गया है, जिससे जैव विविधता को भी लाभ मिला है। ग्रीष्म ऋतु में, जब जल संकट अपने चरम पर होता है, तब भी टैंक में जल उपलब्ध रहने से ग्रामीणों को राहत मिलती है।

जरेरा टैंक का यह पुनरुद्धार केवल एक तकनीकी सफलता नहीं है, बल्कि यह सतत जल प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। इस परियोजना ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि सही तकनीक, उचित योजना और प्रभावी क्रियान्वयन को एक साथ जोड़ा जाए, तो पुरानी और निष्क्रिय जल संरचनाओं को भी पुनर्जीवित किया जा सकता है। कर्टेन ग्राउटिंग जैसी तकनीक न केवल सीपेज को नियंत्रित करने में सक्षम है, बल्कि यह जलाशयों की आयु और उपयोगिता को भी बढ़ाती है।

इस परियोजना से प्राप्त अनुभव अन्य समान जलाशयों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। विशेष रूप से, ऐसे क्षेत्र जहाँ चट्टानी संरचना के कारण जल रिसाव की समस्या होती है, वहाँ इस तकनीक को अपनाकर बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। यह मॉडल कम लागत में अधिक लाभ देने वाला है और इसे व्यापक स्तर पर लागू किया जा सकता है। जरेरा टैंक की यह सफलता की कहानी प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की किसान एवं गाँवों के नेतृत्व में जल संरक्षण और संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े परिवर्तन ला रहे हैं। इस परियोजना ने न केवल एक जलाशय को पुनर्जीवित किया, बल्कि इससे जुड़े हजारों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाया है। किसानों की बढ़ती आय, बेहतर कृषि उत्पादन, सुधरता हुआ पर्यावरण और स्थायी जल उपलब्धता-ये सभी इस पहल की सफलता के प्रमाण हैं। जरेरा टैंक आज एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है, जो यह सिखाता है कि सही दिशा में किया गया प्रयास हमेशा सार्थक परिणाम देता है।

*अति. जिला सूचना अधिकारी*


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# डीएम की अध्यक्षता में नगर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**नगर निकाय आय वृद्धि हेतु नवाचार अपनाएं, अवैध प्लाटिंग पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी**



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निकायों की कार्यप्रगति, राजस्व वसूली, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, तालाब संरक्षण, नगर सौन्दर्यीकरण एवं विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी नगर निकाय अभी से प्रभावी रूपरेखा बनाकर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निकाय अपनी आय में वृद्धि के लिए नवीन स्रोत विकसित करें तथा भूमि चिन्हित कर दुकानों का निर्माण कर उन्हें किराये पर देकर आय सृजन को बढ़ावा दें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नगर निकाय शेष बची मोहल्लों की गलियों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की भी समुचित योजना तैयार करें, जिससे नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि विनियमित क्षेत्र एवं नगर पालिका परिषद समन्वय स्थापित कर शहर के सुनियोजित विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु समग्र कार्ययोजना तैयार करें। साथ ही शहर के प्रवेश बिंदुओं को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने हेतु विशेष कार्य कराए जाएं। उन्होंने कहा कि शहर के पुराने एवं ऐतिहासिक भवनों पर फसाड लाइटिंग कराए, जाने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए तथा प्रमुख चौराहों पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे शहर की सुंदरता में और अधिक वृद्धि हो सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि नगर निकाय अपने क्षेत्रान्तर्गत थीमेटिक पार्कों का विकास कराएं, जिससे आमजन को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हों तथा शहर की पहचान भी विकसित हो। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी खाली प्लॉट अथवा सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा एकत्रित न होने पाए। स्वच्छ सर्वेक्षण में जनपद की रैंकिंग बेहतर करने हेतु विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश भी दिए गए। आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों में नालों की प्रथम चरण की सफाई माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाए। कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा आमजन से गुणवत्ता संबंधी फीडबैक भी लिया जाए। अतिक्रमण एवं अवैध प्लाटिंग के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निकाय नियमित अभियान चलाकर सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखें तथा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## जनगणना अभियान की शुरुआत में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** भारत सरकार की आगामी जनगणना 2026-27 के तहत स्व-जनगणना अभियान की शुरुआत गुरुवार को तहसील परिसर रामसनेहीघाट में जागरूकता कार्यक्रम के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी अंगद सिंह रहे, जिन्होंने स्वयं ऑनलाइन फॉर्म भरकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान एसडीएम अनुराग सिंह ने भी ऑनलाइन स्व-जनगणना फॉर्म भरकर अपनी यूनिक एसई आईडी प्राप्त की। कार्यक्रम में तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय समेत कई जनगणना प्रगणक और तहसील कर्मचारी मौजूद रहे। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि स्व-जनगणना अभियान डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विवाहिता के प्रेम में पड़कर युवक ने लगाई फांसी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** विवाहित युवती के प्रेम के चक्कर में उसके परिजनों द्वारा प्रताड़ित की किए जाने से आहत एक 22 वर्षीय युवक ने गुरुवार को घर से थोड़ी दूर बाग मे लगे चिलवल के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेज दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटहुआ मजरे मूसेपुर गांव निवासी चंद्रशेखर के मुताबिक उनका 22 वर्षीय बेटा शिवा दोपहर में घर से खाना खाकर बाहर निकाला था करीब दो बजे अचानक वह गायब हो गया तलाश की गई तो गांव से करीब 500 मीटर दूर पश्चिम दिशा में लगी बाग मे चिलवल के पेड़ पर गमछे के सहारे फांसी पर लटका मिला। ग्रामीणों के मुताबिक शिवा का गोंडा जनपद निवासी एक विवाहिता से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गोंडा से वह युवती शिवा के गांव भी दो बार आ चुकी है। जिसे लेकर कुछ दिन पूर्व युवती के परिजन गांव भी आए थे जहां पर सुलह समझौता के बाद वह लोग युवती को साथ लेकर चले गए थे। शिवा के मित्रों के मुताबिक उसके बाद से उसी युवती के परिजनों द्वारा शिवा को धमकी दी जा रही थी तभी से वह काफी परेशान था ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की कि संभव है कि इसी के चलते शिवा ने आत्महत्या कर ली हो। कोतवाली निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर उसके आधार पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी बोर्ड परीक्षाओं के मेधावियों का हुआ सम्मान

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट बाराबंकी।**



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को छात्र अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह सलूजा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह बघेल द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह सलूजा ने सम्मानित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह बघेल ने कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार आधारित शिक्षण व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों, पत्रकार बंधुओं एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड सहित समस्त वार्ड, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी तथा रजिस्ट्रेशन काउंटर का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार, दवा उपलब्धता एवं चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा नियमित रूप से सैनिटाइजेशन एवं सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अस्पताल में पेयजल, शौचालय एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को समय से उपस्थित रहकर पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

दवा वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल (पुरुष) डॉ0 पुष्पेन्द्र कुमार सहित संबंधित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### उच्च पदाधिकारियों की उपस्थिति में बसपा की तीन बूथ कमेटी गठित



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बहुजन समाज पार्टी में बूथों के गठन का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में सेक्टर भादर के बूथ भादर पश्चिम के तीन बूथों का गठन किया गया। पार्टी की बैठक अनिल कुमार के निवास पर हुई। विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, विधानसभा सचिव राम फल फ़ौजी ने उपस्थित बूथ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों तथा ग्राम वासियों को सम्बोधित किया। लक्ष्मण प्रसाद गौतम ने कहा,' 2027 में बसपा सत्ता में वापसी को तैयार है सभी कार्यकर्ता अपने -अपने बूथों पर मिशन मोड़ में जुटें। राम अभिलाष बौद्ध ने कहा कि बसपा ने अपने शासनकाल में शासन चलाने का जो पैमाना सेट किया था विभिन्न दलों भाजपा, सपा व कांग्रेस उसके इर्द-गिर्द भी नहीं ठहरती। राम फल फ़ौजी ने कहा, बहुजन समाज पार्टी ने 26 -26 योजनाओं को चलाकर प्रदेश में विकास को तीव्र गति प्रदान किया है। बैठक में रामसमुझ सेवा निवृत्त अध्यापक, विश्राम, राम आशीष, सोमई, भगेलू, दिनेश कुमार, कल्लू, रामपाल, रीता, रानी, प्रियंका, घेर्राऊ, बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं उपस्थित रहे।

### सऊदी अरब में रोजगार का मौका, भर्ती के लिए नि:शुल्क आवेदन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि विदेश में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए नौकरी का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आइपीएस पावरफुल पीपुल संस्था के माध्यम से सऊदी अरब में विभिन्न पदों पर लगभग 80 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें क्रमशः फैब्रिकेशन सुपरवाइजर, मैकेनिकल, हेल्पर, पाइप फैब्रिकेटर, नर्स, सहायक नर्स आदि पदों के लिए पात्र अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा आवश्यक योग्यता एवं शर्तें के अन्तर्गत वैध पासपोर्ट व हाईस्कूल, डिप्लोमा-मैकेनिकल, आईटीआई, मैकेनिक, फिटर योग्यता वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे एवं इच्छुक अभ्यर्थी जॉबसीकर के रूप में रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण और आवेदन कर सकते हैं तथा आयु, अनुभव एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी भी उक्त पोर्टल पर उपलब्ध है।

### ई-चालानों का राष्ट्रीय लोक अदालत में कराये सरल निस्तारण

**रायबरेली।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मई 2026 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ वाहनों के ई-चालानों का निस्तारण सुगमता से कराया जा सकता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा द्वारा बताया गया कि जिन व्यक्तियों के वाहनों का पुलिस अथवा यातायात पुलिस द्वारा ई-चालान किया गया है वे सभी व्यक्ति 09 मई 2026 को दीवानी न्यायालय परिसर रायबरेली में आकर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुगमता से अपने मामले का निस्तारण करा सकते है।

## एसपी ने कई चौकी इंचार्ज बदले

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के बाद, कुछ ही घंटों के भीतर चौकी प्रभारियों के तबादले का आदेश जारी किया गया। जारी सूची के अनुसार, सौम्य कुमार जायसवाल को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी इंचार्ज टीकरमाफी बनाया गया है। धीरेंद्र कुमार तिवारी को कादूनाला चौकी प्रभारी से हटाकर प्रभारी चौकी इंचार्ज सत्थिन भेजा गया है। इसी क्रम में धीरेंद्र प्रताप सिंह को मोहनगंज थाने से भाले सुल्तान स्थानांतरित किया गया है। रामजी सिंह को अमेठी से प्रभारी चौकी इंचार्ज त्रिसुंडी बनाया गया है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बहन की मौत, भाई गंभीर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बहन को मृत घोषित कर दिया, जबकि भाई की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों भाई-बहन घर से इलाज के लिए निकले थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। हादसे का कारण कार का तेज रफ्तार होना बताया जा रहा



है। मृतका की पहचान गुड़िया उम्र 36 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सिलेंडर में लीकेज से घर में लगी भीषण आग, गृहस्थी राख

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

सिंहपुर विकासखंड के महेशपुर मजरे महिया सिंदुरिया गांव में बुधवार को एक घर में गैस सिलेंडर में लीकेज के चलते अचानक आग लग गई। इस अग्निकांड में पीड़ित परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई है। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीण संतोष मिश्रा ने बताया कि वह बुधवार सुबह ही गैस एजेंसी से नया सिलेंडर लेकर आए थे। रेगुलेटर लगाने के बाद उन्होंने उसकी जांच भी की थी, उस समय सब कुछ सामान्य था। लेकिन दोपहर में जब खाना बनाना शुरू किया गया, तो अचानक



रेगुलेटर के पास से आग की लपटें निकलने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख संतोष ने शोर मचाया, जिसे सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए रजाई और कंबल डालकर आग को फैलने से रोकने का भरसक प्रयास किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी और गैस एजेंसी के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे, जिनके संयुक्त प्रयास से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। हालांकि इस घटना में घर के अंदर रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया है, जिससे परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों की सूझबूझ और समय पर मिली मदद के कारण आग अन्य घरों तक नहीं फैली और एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

## दस किलो एक सौ ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान तथा 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग के दौरान सैंठा बार्डर के पास प्रतापगढ़ की ओर से आ रहा प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 72 बीयू 2684 सवार घनश्याम कुमार शुक्ल पुत्र रामकुमार शुक्ल निवासी पूरे बल्दी मजरे रेहुआ लालगंज थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से मोटरसाइकिल की डिग्गी से व मोटरसाइकिल पर टंगे 2 झोलों से अलग-अलग 6 पैकेटों में कुल 10 किलो 100 ग्राम गांजा व गांजा क्रय-विक्रय की घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से गांजा बेचनें का काम कर रहा है व मोबाइल फोन में वेब एप के माध्यम से जी.एस. नाम के व्यक्ति से बात करके प्रयागराज के सांसों के पास से गांजा लाता है। जी.एस. उपरोक्त का कोई नंबर नहीं है, वह गांजे की फोटो वेब एप पर भेजकर दिखाता है जिससे बात करके अभियुक्त 30 किलोग्राम गांजा लाया था जिसमें शेष गांजा आज बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन निर्माणाधीन परियोजना की समीक्षा बैठक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की




गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# ग्राम प्रधान के खाते में भी लगा गौशाला केयरटेकर का भुगतान

**सीतापुर।** सीतापुर के जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर के द्वारा लगातार भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही की जा रही है और भ्रष्टाचार रोकने का पूरा प्रयास कर रहे हैं वही विकास खण्डों में लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है सचिव और प्रधान और खंड विकास अधिकारी की मिलीभगत के चलते फर्जी भुगतान निकल रहे हैं जिलाधिकारी को खुली चुनौती भी दी जा रही है बताते चलें विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से नियमों को दरकिनार करते हुए संदिग्ध भुगतान किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में गौशाला केयरटेकर के नाम पर भी भुगतान किया गया, जबकि शासनादेश के अनुसार इस प्रकार का भुगतान सीधे ग्राम प्रधान के खाते में नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद ग्राम प्रधान मुन्नी देवी के खाते में 56,880 रुपये का भुगतान दर्ज किया गया है, जिससे पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर एक ही व्यक्ति अशोक कुमार सिंह के खाते में अलग-अलग किस्तों में भारी भरकम भुगतान किया गया है। बताया जा रहा है कि सचिव द्वारा विभिन्न तिथियों पर 60,970, 10,010, 28,210, 47,320, 47,320, 24,570, 46,200, 36,960, 47,960, 47,700, 42,930, 42,930 रुपये का भुगतान लगाया गया, जिसकी कुल राशि 4,50,080 रुपये होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और एक ही व्यक्ति के खाते में लाखों रुपये भेजे गए हैं। जबकि सरकार और जिला प्रशासन लगातार ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और विकास कार्यों को बढ़ावा देने की बात कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पंचायत में हुए कई और फर्जी भुगतान सामने आ सकते हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि विकास खण्ड गोंदलामऊ के अधिकारी और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

# डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में नदियों एवं अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा आगामी वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों एवं अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जाए। नालों की नियमित सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन एवं जल प्रदूषण रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही



सुनिश्चित की जाए। साथ ही आमजन को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान वायु गुणवत्ता सुधार, जल संरक्षण, हरित क्षेत्र विस्तार एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जाए तथा विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक किया जाए। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में आगामी वृक्षारोपण अभियान-2026 की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। विभागवार निर्धारित पौधारोपण लक्ष्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित स्थलों पर समय से गड्ढों की खुदाई का कार्य पूर्ण कराया जाए तथा उसकी सूचना प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि गड्ढों की खुदाई निर्धारित मानक के अनुसार कराई जाए ताकि पौधारोपण के बाद पौधों का संरक्षण एवं विकास बेहतर ढंग से हो सके।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सड़क किनारे, नहर पटरी, विद्यालय परिसर, पंचायत भूमि, सार्वजनिक स्थलों, तालाबों एवं सरकारी कार्यालय परिसरों में अधिकाधिक पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए।

## स्वास्थ्य विभाग 'लूट' का खेलः मेडिकल लाइसेंस की आड़ में चल रही डॉक्टरी

**खीरों, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर आम जनता की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है। यहाँ 'दवा' कम और 'धोखा' ज्यादा परोसा जा रहा है। ताजा मामला सेमरी क्षेत्र का है, जहाँ सेमरी चौराहा स्थित सरेनी रोड पर दीपक मेडिकल स्टोर ने दवा बेचने का लाइसेंस तो ले रखा है, लेकिन इसकी आड़ में यहाँ धड़ल्ले से क्लिनिक संचालित कर मरीजों का इलाज (प्रैक्टिस) किया जा रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि मेडिकल स्टोर संचालक खुद डॉक्टर बनकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

# चौधरियान में जलभराव से मिलेगी निजात

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



- पुराने नाले की जगह बनेगी गली
- 1 मीटर चौड़े ह्यूम पाइप से होगी पानी निकासी

नगर के मोहल्ला चौधरियान वार्ड नंबर 25 कृष्णा नगर में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या से अब लोगों को निजात मिलने की उम्मीद जगी है। नगर पालिका प्रशासन ने बरसों पुराने समस्या ग्रस्त नाले को बंद कर नई जल निकासी व्यवस्था बनाने का काम शुरू करा दिया है। इसके तहत पुराने खुले नाले की जगह गली बनाई जाएगी, जबकि पानी निकासी के लिए भूमिगत ह्यूम पाइप लाइन डाली जाएगी।

नगर पालिका रोड से बारात घर के पीछे स्थित यह पुराना नाला लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। नाले के दोनों ओर मकान बने होने के कारण इसकी नियमित सफाई नहीं हो पाती थी। बरसात के मौसम में नाला ओवरफ्लो हो जाता था और आसपास के घरों में पानी भर जाता था। इससे लोगों को गंदगी, बदबू और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता था। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि पुराने नाले को पूरी तरह बंद कर उसके ऊपर रास्ता बनाया जाएगा, जिससे मोहल्ला चौधरियान के लोगों को आवास विकास कॉलोनी तक पहुंचने में सुविधा होगी। साथ ही जल निकासी के लिए नई सीवर पाइप लाइन व्यवस्था तैयार की जा रही है। इसके तहत पुराने नाले को नगर पालिका रोड होते हुए मोहल्ला विरतिया की पुलिया के पास बड़े नाले से जोड़ा जाएगा। नगर पालिका के जेई रविराज कौशल ने बताया कि पानी निकासी के लिए 1000 एमएम चौड़े ह्यूम पाइप डाले जा रहे हैं, जो सामान्यतः सीवर लाइन में प्रयोग किए जाते हैं। इस परियोजना पर करीब 35 लाख रुपये खर्च होंगे। पाइप लाइन की सफाई और निगरानी के लिए चार स्थानों पर मैनहोल भी बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बरसात से पहले नगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई और तलीझाड़ का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि यह नगर का सबसे लंबा नाला है, जो कैरदा रोड से शुरू होकर हीरालाल इंटर कॉलेज, नगर पालिका रोड, मोहल्ला विरतिया होते हुए धमे के ताल तक जाता है।

## 41 केन्द्रों पर गेहूं खरीद तेज, 48 घंटे में भुगतान

कन्नौज। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शासन ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त उतराई व छनाई मद में 20 रुपये प्रति कुंतल अलग से दिए जा रहे हैं। जिले में खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ के 23 और भारतीय खाद्य निगम के तीन समेत कुल 41 क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सभी केंद्रों पर सुबह नौ बजे से शाम आठ बजे तक खरीद की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए किसान पहचान पत्र और फार्मर आईडी की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। अब सत्यापित भूमि रकबे के आधार पर किसान किसी भी केंद्र पर गेहूं बेच सकते हैं। किसानों के लिए केंद्रों पर पेयजल, छाया और बैठने की व्यवस्था की गई है।

# जनगणना सेल्फ एन्यूमरेशन को लेकर दी गई जानकारी

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर पालिका परिषद में जनगणना सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सभासदों एवं पालिका कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर ने प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया को जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक अब स्वयं अपनी पारिवारिक जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, मोबाइल नंबर सत्यापन, परिवार का विवरण भरने और फॉर्म सबमिट करने की पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के बाद आवेदक को एक एसईडी नंबर प्राप्त होगा। इसके बाद भौतिक सत्यापन के लिए जनगणना कर्मचारी संबंधित परिवारों के घर पहुंचेंगे और जानकारी का सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से समय-समय पर लगातार जनगणना होती रही है और यह प्रक्रिया देश की योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों और सभासदों से आमजन को सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने की अपील की। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने ऑनलाइन प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका तकनीकी टीम द्वारा समाधान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के जनगणना प्रभारी अंकित दुबे, सहायक प्रदीप कश्यप, प्रवेश यादव, तकनीकी सहायक (कंप्यूटर ऑपरेटर) संदेश कुमार और सहायक मोहित शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूसा दान महाभियान में बीडीओ को गौ सेवक रंजीत पांडेय ने किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज। विकासखंड क्षेत्र की गौशालाओं के लिए 851 कुंतल भूसा एकत्र कर भेजने के सराहनीय कार्य पर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) दीपांकर आर्य को गौ सेवक रंजीत पांडेय ने रामनामी पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने अपने सहयोगियों के साथ ब्लॉक स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचकर दीपांकर आर्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा बीडीओ दीपांकर आर्य द्वारा चलाए गए भूसा दान महाभियान ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। 19 गौशालाओं को 851 कुंतल भूसा उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। यह अभियान गौमाता की रक्षा और संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय कदम है। समाज को भी गौ सेवा में आगे आना चाहिए।

इस अवसर पर गौ सेवक कृष्णा पांडेय, विवेक यादव, विवेक दीक्षित सहित कई गौ भक्त मौजूद रहे।

# ग्राम अकबरपुर में 45 वर्ष बाद आधार अभिलेख तैयार

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कृषकों को मिली बड़ी राहत

ग्राम अकबरपुर के चकबन्दी संबंधी प्रकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। वर्षों से अभिलेखीय कठिनाइयों से जूझ रहे ग्रामवासियों को अब व्यवस्थित आधार अभिलेख उपलब्ध होने लगे हैं, जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें सुगमता से मिल सकेगा। ग्राम अकबरपुर में चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु चकबन्दी निदेशालय की विज्ञप्ति संख्या 3986/जी-38/80 दिनांक 10 जुलाई 1980 के माध्यम से धारा 4क(2) के अंतर्गत प्रकाशन किया गया था। तत्पश्चात सन् 1987 में ग्राम में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही सम्पन्न हुई। दुर्भाग्यवश सन् 1990 में हुए अग्निकाण्ड में ग्राम के समस्त अभिलेख जलकर नष्ट हो गए, जिससे चकबन्दी की प्रक्रिया प्रभावित हुई और 28 जनवरी 2009 को इसे निरस्त करना पड़ा। पुनः प्रयास करते हुए 23 सितम्बर 2016 को ग्राम को चकबन्दी प्रक्रिया में सम्मिलित किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के विशेष प्रयासों से 26 सितम्बर 2023 को पूर्व की धारा 6(1) एवं धारा 4(2) की कार्यवाही निरस्त करते हुए मूल धारा 4क(2) दिनांक 10 जुलाई 1980 को पुनः बहाल किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जले हुए ग्रामों की नियमित समीक्षा कर चकबन्दी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। वर्ष 1990 के अग्निकाण्ड से प्रभावित कुल 35 ग्रामों में से पूर्व में नन्दलालपुर, करनौली, उसमानपुर, कठिगरा एवं सरदामई ग्रामों के आधार अभिलेख तैयार किए जा चुके हैं। इसी क्रम में उप संचालक चकबन्दी विजय कुमार मिश्र एवं बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी रेशमा सहाय के मार्गदर्शन में ग्राम अकबरपुर के आधार अभिलेख भी सफलतापूर्वक तैयार कर लिए गए। आज अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने इस ऐतिहासिक कार्यवाही के फलस्वरूप लगभग 45 वर्ष पश्चात ग्राम के कृषकों को जोत चकबन्दी आकार पत्र-45 (उद्धरण) की प्रतियां उपलब्ध कराई, अब वे भूमि अभिलेखों के आधार पर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि ग्राम अकबरपुर के कृषकों के लिए एक नई शुरुआत का संकेत है। प्रशासन ग्रामवासियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुगठित अभिलेखीय व्यवस्था हेतु सतत प्रयासरत है। अन्य अवशेष 29 ग्रामों में भी इसी प्रकार आधार अभिलेखों के सृजन का कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रगति पर है।

# अरविंद यादव ने मेधावी छात्र अनीस राजपूत को किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज। पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने आकाश एजुकेशन सेंटर के मेधावी छात्र अनीस राजपूत को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अनीस राजपूत, पुत्र अभय प्रताप राजपूत, निवासी ग्राम रूपपुर ने जिले में प्रथम तथा प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त कर न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा अनीस की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन की जरूरत है। मैं आकाश एजुकेशन सेंटर के शिक्षकों और अनीस के माता-पिता को भी बधाई देता हूं। सरकार को भी शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक निवेश करना चाहिए ताकि ऐसे मेधावी छात्रों को बेहतर अवसर मिल सकें। सम्मान समारोह में सुरेश मास्टर, उमेश पाल, हरगोविंद लोधी, कमलेश प्रधान, देवेंद्र प्रधान, लाखन सिंह प्रधान, पूरन राजपूत, अनिल राजपूत सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने छात्र की सफलता की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बारिश के बाद फिर बढ़ी उमस भरी गर्मी, लोग बेहाल

- बारिश के बावजूद नगर में गर्मी और उमस से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है, जिससे आम जनजीवन हो रहा है प्रभावित

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर में बीते दिनों हुई सुबह शाम तेज ठंडी हवाओ के साथ बारिश से लोगों को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन अब बारिश के बाद उमस भरी गर्मी ने जनजीवन को फिर से प्रभावित करना शुरू कर दिया है। तेज धूप के साथ बढ़ी नमी के कारण लोग पसीने और चिपचिपी गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। सुबह और शाम के समय भी राहत नहीं मिल रही है, जबकि दोपहर में सड़कों और बाजारों में लोगों की आवाजाही कम हो गई है। उमस के चलते बुजुर्गों और बच्चों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद मौसम और अधिक भारी हो गया है, जिससे सांस लेने, टाइफाइड, पीलिया, हैजा आदि से भी दिक्कत महसूस हो रही है। वहीं डॉक्टरों ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। बाजारों में गन्ने का रस, ठंडे पेय और नींबू पानी की मांग बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में इनकी बिक्री में तेजी आई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है, हालांकि कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के बावजूद नगर में गर्मी और उमस से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### क्या कहते है मरीज



अरबाज खान का कहना है बारिश की वजह से सर्दी जुकाम बुखार की समस्या बढ़ गयी है डॉ. ने चिकत्सक ने जाँच के लिए बताया है।



तनिष्क ने बताया कि दो तीन से लगातार बारिश होने के कारण दो तीन से बुखार आ रहा था बुखार कों होते होते मुझे पीलिया भी गई जहाँ फर्रुखाबाद इलाज के बाद आज घर आया हूँ।

# स्वगणना आइए! घर बैठे स्वयं करें जनगणना आसान, सुरक्षित, सटीक

- अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में स्वगणना कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जनगणना 2027 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 07 मई से 21 मई तक सामान्य नागरिकों हेतु स्वगणना कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत नागरिक स्वयं अपने परिवार एवं गृह संबंधी विवरण ऑनलाइन माध्यम से भरकर स्वगणना आईडी जनरेट कर सकते हैं। गुरुवार को नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज क्षेत्र में चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में स्वगणना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7:50 बजे नगर के प्रथम नागरिक मुन्नी देवी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के प्रतिनिधि एवं ब्रांड एम्बेसडर मयंक गुप्ता द्वारा स्वयं अपना स्वगणना प्रपत्र भरकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद के समस्त सभासदगणों द्वारा भी स्वगणना कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपने-अपने स्वगणना प्रपत्र भरकर नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारीगण, जो नगर क्षेत्र में निवास करते हैं, द्वारा भी स्वयं की स्वगणना पूर्ण कर स्वगणना आईडी जनरेट की गई है तथा अपने आसपास के मोहल्लों एवं नागरिकों को भी स्वगणना हेतु निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित प्रचार वाहनों एवं डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के माध्यम से भी स्वगणना कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु लगातार जनजागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

मुन्नी देवी, अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज द्वारा समस्त नगरवासियों से अपील की गई है कि वह जनगणना 2027 के स्वगणना कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर अपनी स्वगणना अवश्य पूर्ण करें। इस मौके पर नोडल अधिकारी जनार्दन मिश्रा मनोज तिवारी राजेश कुमार आरपी सिंह वीर सिंह दीनबंधु गौरव मिश्रा के अलावा बार्ड के सभासद मौजूद रहे।

## 45 साल बाद अकबरपुर के किसानों को मिले जमीन के अभिलेख

कन्नौज। छिबरामऊ तहसील के ग्राम अकबरपुर में 45 वर्ष बाद आधार अभिलेख तैयार होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। वर्ष 1990 में हुए अग्निकांड में गांव के चकबंदी संबंधी सभी अभिलेख जलकर नष्ट हो गए थे, जिसके बाद से ग्रामीण अभिलेखीय समस्याओं से जूझ रहे थे। अब किसानों को जोत चकबंदी आकार पत्र-45 की प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं। ग्राम अकबरपुर में चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने के लिए वर्ष 1980 में धारा 4क(2) के तहत प्रकाशन किया गया था। वर्ष 1987 में कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई भी पूरी हो गई थी, लेकिन अग्निकांड के कारण पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो गई और वर्ष 2009 में चकबंदी निरस्त करनी पड़ी। बाद में वर्ष 2016 में गांव को दोबारा चकबंदी प्रक्रिया में शामिल किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के प्रयासों से वर्ष 2023 में पूर्व की कार्रवाई निरस्त कर मूल धारा 4क(2) को बहाल किया।

# पांच साल पुराने गंभीर मुकदमों के निस्तारण में लाई जाए तेजी: डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।





जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि पांच वर्ष से अधिक पुराने गंभीर अपराधों के मुकदमों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। इसके लिए अभियोजन अधिकारियों को प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि न्याय प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने लंबित मामलों की स्थिति पर नाराजगी जताई। बैठक में बताया गया कि इस माह 15 मुकदमों की सुनवाई हुई, जिनमें तीन मामलों में दोषियों को सजा सुनाई गई, जबकि 12 मामलों में साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को रिहा कर दिया गया। जिलाधिकारी ने ई-समन प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को समय से सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है, जिससे सुनवाई में अनावश्यक देरी नहीं होगी। समीक्षा के दौरान जिले में खाद्य सुरक्षा से जुड़े 67 तथा ड्रग्स से संबंधित 22 मुकदमे लंबित पाए गए। इस पर उन्होंने सभी मामलों में मजबूत पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पीओ एवं एपीओ को मई माह में कम से कम 10-10 मुकदमों में फैसला सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) देवेन्द्र सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान में कक्षा 11 की विद्यालय में हुई प्रवेश परीक्षा

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी कक्षा 11 में प्रवेश को लेकर छात्र एवं छात्राओं का उत्साह देखा गया क्षेत्र में सबसे पुराना विद्यालय होने के चलते अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रवेश के लिए छात्र एवं छात्राएं विद्यालय पहुंच कर प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग् कर रहे हैं विद्यालय में शिक्षक लगन व कड़ी मेहनत के साथ छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा ग्रहण कराते हैं जिसका परिणाम है कि अभिभावक विश्वास के साथ विद्यालय में अपने बच्चों का प्रवेश करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यह जानकारी योगेंद्र कुमार प्रधानाचार्य भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर कन्नौज ने दी । गुरुवार को विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज व फर्रूखाबाद जनपद का अतिरिक्त प्रभार देख रहे पप्पू सरोज के कुशल नेतृत्व में भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर कन्नौज में कक्षा 11में प्रवेश को लेकर छात्र/छात्राओं में उत्साह देखने को मिला जिसको लेकर विषय जीव विज्ञान में 160 व गणित विषय में 60छात्रों ने पंजीकरण कराया। जिसके चलते विद्यालय परिसर में लिखित परीक्षा करायी गई । इस प्रवेश परीक्षा परिणाम कल सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दिया जायेगा। प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा विभाग की कडी मेहनत के बाद परीक्षा को सम्पन्न कराया गया।

जिसमें प्रवेश कुमार प्रवक्ता डॉ. के के झा ,योगेन्द्र प्रकाश शुक्ला, अर्जुन सिंह,राहुल दुबे, दिव्य दीपक दीक्षित आदि ने परीक्षा को सम्पन्न कराया। इस मौके पर योगेंद्र कुमार प्रधानाचार्य भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर शिक्षक सुनील सिंह भदौरिया सप्त ऋषि त्रिपाठी अनिल कुमार अनिल कुशवाहा श्यामू कुमार अन्जना भारती मिथिलेश यादव संजीव यादव ध्रुव कुमार शिक्षक मौजूद रहे।

# घायल युवक को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग ने दी संजीवनी

तिर्वा,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



दिनों दिन सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामले चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। अब तक बीते दो माह की अगर बात करें तो एक्सप्रेस वे सहित विभिन्न मार्गों पर करीब 13 लोग अपनी जिंदगी गंवा चुके हैं वहीं बड़ी संख्या में में लोग घायल भी हुए हैं। दुर्घटनाओं का मुख्य कारण जहां नींद की झपकी और अधिक रफ्तार माना जा रहा है, वहीं आवागमन के दौरान जागरूकता का अभाव भी घटनाओं की वृद्धि में प्रमुख वजह के रूप में सामने आया है। बताते चलें कि, एक सड़क दुर्घटना के दौरान हरदोई जिले के थाना अरवल के अवस्थीपुर्वा मोड़ के निकट सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। कॉलेज में भर्ती कराए जाने के बाद रेफर की कंडीशन में पहुंचे घायल युवक शिवा उर्फ सुभाष पुत्र हरिराम निवासी मरहरिया,सौंसरापुर को मेडिकल कॉलेज के सर्जरी चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों द्वारा मामले में आगे आने की पहल की गई। स्थित खराब होने के बाद भी सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डा. मोहम्मद अतहर के निर्देशन में विभागीय सहायक आचार्य डा. इमरान अली और उनकी टीम ने उपरोक्त घायल युवक की चिकित्सा सर्जरी के मामले में कदम आगे बढ़ाया। आखिर मेडिकल कॉलेज की विभागीय टीम को बेहतर सफलता हांथ लगी और रेफर की कंडीशन में पहुंच चुके उपरोक्त घायल मरीज को आपातकालीन चिकित्सा सर्जरी के उपरांत बेहतर स्थित में लाया जा सका।

# जाम समस्या के स्थाई समाधान को लेकर पालिका प्रशासन गंभीर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।




- पटरी दुकानदारों को किया जाएगा शिफ्ट

नगर में बढ़ती जाम समस्या के स्थाई समाधान को लेकर मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह से मुलाकात करके नगर के मुख्य बाजारों में लगने वाले जाम और उससे होने वाली परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की।

गौरतलब है जनवरी माह में नगर के एक दर्जन से अधिक संगठनों ने नगर पालिका गेट पर धरना प्रदर्शन किया था। एमसीएमआर ग्रुप संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि लगातार लगने वाले जाम के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तपती गर्मी में घंटों जाम में फंसे रहने से लोग हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख मार्गों पर सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए ठोस और स्थाई समाधान की आवश्यकता है। इस पर अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर नगर पालिका गंभीर है, लेकिन बिना जनसहयोग के इसका समाधान संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शाओं के पंजीकरण के लिए टीम गठित कर दी गई है और यह कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि पटरी दुकानदारों और रेहड़ी-फेरी वालों के लिए कैरदा रोड पर चिन्हित स्थान पर जल्द ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसके बाद उन्हें वहां व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्य मार्गों पर सीमांकन कराकर वीडियोग्राफी कराई जाएगी और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अकारण किसी भी दुकान पर तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों के अलावा गली-मोहल्लों में रास्ता बाधित करने वाले वाहनों के खिलाफ भी नोटिस जारी किए जाएंगे। कार्यवाही के प्रभावी परिणाम और जनजागरूकता के लिए विभिन्न संगठनों एवं एनजीओ स्वयंसेवियों का सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# जनप्रतिनिधियों संग भाजपा कार्यालय में मंत्री असीम अरुण का मंथन



कन्नौज। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। बैठक में सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार और संगठन के बेहतर समन्वय से ही विकास कार्यों में तेजी लाई जा सकती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जनता से लगातार संवाद बनाए रखें और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराएं। बैठक में 'अंत्योदय' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर पर विशेष संपर्क अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। साथ ही आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल मजबूत करने पर बल दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा, संदीप चतुर्वेदी, रामू कठेरिया, अवनीश दोहरे, विवेक पाठक, अवधेश राठौर और जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


## सूचना

इम्पीरियल डिग्री कॉलेज, महावीर नगर, विशुनपुर हासिलपुर, परगना व तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज में कृषि संकाय स्नातक स्तर शिक्षण कार्य हेतु सहायक आचार्यो की आवश्यकता है।

योग्यता एवं वेतन यूजीसी मानकानुसार

दिनांक 11/05/2026 तक महाविद्यालय में संपर्क करें।

**विषयः-** एग्रोनॉमी, होर्टिकल्चर, सॉइल साइंस एवं केमिस्ट्री, जनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग, प्लांट पैथोलॉजी, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, सॉइल कंजर्वेशन, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन, एनिमल हस्बेंडरी, एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल ईन्टोमॉलजी।

**प्रबंधक**
**इम्पीरियल डिग्री कॉलेज**
**संपर्क सूत्रः 7392009300**

# सपा ने कई दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल कर बढ़ाया पीडीए का कुनबा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बंगाल में आए चुनावी नतीजों के बाद जहां भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में दबाव बनाने की कोशिश में जुटी है, वहीं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी अपने पीडीए आंदोलन के जरिए चुनावी नैया को पार लगाने के लिए अपना कुनबा बढ़ाने में जुटी है।

इसी क्रम में आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आज बड़ी संख्या में दूसरे दलों को छोड़कर आए लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने किया। पार्टी प्रवक्ता

- **जिला महासचिव के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर हुआ स्वागत कार्यक्रम**

राधेश्याम सविता ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जिला कार्यालय में जिला महासचिव इलियास मंसूरी के संघर्षमयी कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर स्वागत कार्यक्रम रखा गया, इस मौके पर सदर विधानसभा प्रभारी पवन कठेरिया प्रधान देवरामपुर तथा अमित कठेरिया प्रधान घारमपुर के सामूहिक प्रयास से बड़ी संख्या में दूसरे दलों को छोड़कर आए लोगों को जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा फर्रुखाबाद जिला संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने बाले हमारे महासचिव के कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण होने पर इनको बहुत बहुत बधाई देता हूँ, और आशा करता हूँ कि ये आगे भी संगठन को मजबूत बनाने का काम करते रहेंगे।

आज पूरे प्रदेश में पीडीए आंदोलन विकराल आंधी के रूप में आगे बढ़ रहा है, प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनेगी। इस मौके पर आज पार्टी में शामिल होने बाले सभी सम्मानित साथियों का हार्दिक स्वागत करता हूँ। इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि बंगाल और उत्तर प्रदेश की राजनीति में जमीन और



स्वागत कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिलाध्यक्ष व जिला महासचिव आदि

आसमान का फर्क है, उत्तर प्रदेश में जनता सरकार की लूट खसोट की नीतियों से तंग आ चुकी है आने वाले समय में 2024 से बेहतर परिणाम आएंगे और प्रचण्ड बहुमत से पीडीए सरकार बनेगी। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि मैं सिर्फ काम पर भरोसा करता हूँ, कौन क्या कहता है कहता रहे इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ रहा, मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है समाजवादी आंदोलन को मजबूत करना और उससे मुझे कोई नहीं रोक सकता। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कठेरिया ने कहा कि पीडीए आंदोलन एक विकराल आंधी बनकर 2027 में आयेगा और उस आंधी में देश को तोड़ने की कोशिश करने बाली शक्तियाँ धराशाई हो जाएंगी।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता डॉ0 जेपी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता, छात्रसभा प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इजहार खां, जिलाध्यक्ष सालोवा अनुराग यादव, विशाल राठौर, महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शिवम पटेल, जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड अर्चित शर्मा, अभय यदुवंशी आदि पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला सचिव विनीत परमार, राष्ट्रीय सचिव सयुस समरदीप सिंह (टीटू), जिला सचिव बीके गंगवार, प्रशांत राठौर, नगर अध्यक्ष नवाबगंज अश्वनी यादव, जिला उपाध्यक्ष अंशुल यादव, जिला महासचिव अल्पसंख्यक जुल्फिकार अब्बास जैदी, सभासद मुदस्सिर खां, सह मीडिया प्रभारी रवि यादव, राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अमित कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड कुद्दूस खां, नगर अध्यक्ष राजीव कठेरिया, विनय यादव, नितिन शर्मा, दीपक गौतम, आफताब खां, महेंद्र कठेरिया, देवेंद्र श्रीवास्तव आदि अन्य सैकड़ों पदाधिकारी साथी मौजूद रहे।

## श्रीमती भागवत कथा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कलश यात्रा में शामिल महिला व पुरुष

थाना क्षेत्र के गांव में श्रीमद भागवत पुराण कथा के शुभारंभ अवसर पर भक्तों ने कलश यात्रा निकालकर भावगत कथा का शुभारंभ किया। इस मौके पर दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुषों ने शोभायात्रा में भाग लिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को थाना नवाबगंज अंतर्गत गांव नगला बारग में भागवत कथा के शुभारंभ मौके पर कलश यात्रा निकाली गयी। जो नगला बारग से शुरु होकर नगला जोथा, बरतल, कस्बा नवाबगंज, मंझना रोड होते हुए वापस नगला बारग पहुंची। कलश यात्रा में साधौ सिंह, उदयवीर सिंह, विनोद कुमार, जयवीर सिंह, पंकज यादव, जितेंद्र सिंह, उमेश पेंटर, जयपाल सिंह, जगराम सिंह ने भाग लिया। उपरोक्त भागवत कथा ग्रामीणों के सहयोग से करवायी जा रही है। आयोजकों ने ग्रामीणों से कथा में शामिल होने की अपील की है।

## एआरटीओ प्रवर्तन ने चलाया चेकिंग अभियान, आठ ट्रक किये सीज

- **चार ओवरलोड ट्रकों से वसूला 2.01 लाख का जुर्माना**
- **7 मई 2026 से 13 मई 2026 तक विशेष लक्ष्य आधारित चलाया जाएगा अभियान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत एवं यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार द्वारा नगर क्षेत्र में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न एवं हूटर के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 08 ट्रक प्रेशर हार्न का प्रयोग करते हुए पाए गए, जिन्हें सीज किया गया। इनमें से 04 ट्रक ओवरलोड भी पाए गए। संबंधित वाहनों पर कुल 2.01 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न एवं हूटर लगाने वाले डीलरों, मोटर गैराजों एवं वर्कशॉप संचालकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में दिनांक 07 मई 2026 से 13 मई 2026 तक विशेष लक्ष्य आधारित अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रेशर हार्न एवं हूटर हटवाने के साथ-साथ मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे वाहनों को जब्त किया जाएगा।

मोडिफाइड साइलेन्सर का उपयोग करने वाले वाहनों के संबंध में परिवहन विभाग के हेल्पलाइन नंबर


ट्रक सीज करने की कार्यवाही करते एआरटीओ प्रवर्तन व यातायात प्रभारी

1800-1800-151 एवं 149 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। समस्त वाहन डीलरों, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर की स्थापना न करें। उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत प्रति प्रकरण

1 लाख तक का जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है। यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा अपने मोटरयान में अवैध रूप से पुर्जों की फिटिंग अथवा अन्य परिवर्तन किए जाते हैं, तो उसके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति को 06 माह तक के कारावास अथवा ?5,000 तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, जो कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर ऐसा वाहन चलाएगा अथवा चलाने देगा जिससे सड़क सुरक्षा, शोर नियंत्रण एवं वायु प्रदूषण संबंधी मानकों का उल्लंघन होता हो, उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रथम अपराध पर संबंधित व्यक्ति को 03 माह तक के कारावास अथवा 10,000 तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। साथ ही उसका ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिए निरस्त/अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर अथवा ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण पाए जाएंगे तथा जिनका चालान किया जा चुका है, उनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र (आरसी) निलंबन की कार्रवाई भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी।

## लगातार हो रही बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ीं, खेत में भीगा गेहूं


खेत में पड़ा भीगा गेहूं

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के निनोरा श्रृंखलापुर गांव में लगातार हो रही बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खेतों में कटा पड़ा गेहूं भीगने से खराब होने लगा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण गेहूं की कटाई और मड़ाई का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के कई किसानों का गेहूं अभी तक थ्रेसर मशीन से नहीं निकाला जा सका है। लगातार बारिश और खेतों में पानी भर जाने के कारण मड़ाई का काम रुक गया है। खेतों में पड़ा गेहूं नमी के कारण काला पड़ने लगा है, जिससे उसकी गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। किसान कौशलेंद्र, रमेश, राजकुमार और कमलेश ने बताया कि उन्होंने कड़ी मेहनत और खर्च से गेहूं की फसल तैयार की थी, लेकिन, अचानक बदले मौसम और लगातार बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसानों का कहना है कि गेहूं सूख नहीं पा रहा है और भीगी फसल की थ्रेसिंग कराना भी संभव नहीं हो रहा है। किसानों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जल्द मौसम साफ नहीं हुआ तो फसल पूरी तरह खराब हो सकती है, जिससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।


बाल्टी में पानी भरकर ले जा रहे बच्चे

## शिक्षाध्ययन को स्कूल गये बच्चों से भरवाया जा रहा पानी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जहां एक ओर सरकार बच्चों को साक्षर बनाने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगाये हुये हैं, वहीं गुरुजन बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनसे बेगार करवा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य उज्जवल होने के बजाय अंधकारमय हो रहा है। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत नरैनामऊ के प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को ऐसा ही एक नजारा देखने को मिला। जहां शिक्षाध्यन करने गये बच्चों से दूर लगे हैंडपंप से पानी भरवाया जा रहा था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दो छोटे-छोटे बच्चे हैंडपंप से बाल्टी में पानी भरकर ले जाते दिखायी दे रहे हैं। यह वीडियो शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है।

## खबरें एक नजर में

### प्रदीप सिंह राठौर बने करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष


प्रदीप सिंह राठौर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला दीन दयाल बाग निवासी प्रदीप सिंह राठौर को करणी सेना का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें संगठन में यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। प्रदीप सिंह राठौर इससे पहले भी कई संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2015 में वह जयपुर में करणी सेना के जिलाध्यक्ष भी रहे थे। उन्होंने करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी के मार्गदर्शन में भी काम किया है। फिल्म पद्मावत विवाद के दौरान प्रदीप सिंह राठौर ने श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल मकराना के साथ मिलकर संजय लीला भंसाली प्रकरण में सक्रिय भूमिका निभाई थी। नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह राठौर ने गुरुवार को बताया कि अब फर्रुखाबाद सहित आसपास के जिलों में संगठन को मजबूत करने का अभियान तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूजीसी रोलबैक हो और आर्थिक आधार पर आरक्षण में प्लॉट व मकान की शर्त हटाई जाए, इसके लिए अभियान जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त, क्षत्रिय समाज के महापुरुषों के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी लगातार अभियान चलाया जाएगा।

### जमीनी विवाद को लेकर की गाली-गलौज, पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी अमित पुत्र सर्वेश कुमार ने थाना कमालगंज में तहरीर देते हुए बताया कि उसका विवाद जमीन को लेकर उसके ताऊ मानसिंह पुत्र स्वर्गीय राम सिंह के साथ चल रहा है। ताऊ मानसिंह के पुत्र जयवीर का साला देवरान पुत्र हंसराज निवासी ग्राम सीढ़ेचकरपुर थाना राजेपुर जिला फर्रुखाबाद एवं गांव के ही शिवपाल ग्राम बहादुरपुर थाना कमालगंज उक्त लोगों द्वारा मेरे साथ गाली-गलौज की गई। मना करने पर उन लोगों ने हेलमेट से मेरे सर में चोट मार दी। जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

## गांव पहुंचकर भाकियू टिकैत गुट ने चकबंदी प्रक्रिया का किया विरोध

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत बराकेशव में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर पिछले पांच वर्षो से किसानों का विरोध चल रहा है। जिसको लेकर चकबंदी अधिकारियों व किसानों के बीच खींचतान चल रही है। खींचतान के बीच बुधवार चकबंदी के अधिकारियों ने गांव पहुंचकर जमीन की नापजोख करने के लिए पुलिस से सहयोग मांगा था। किसानों को गांव में चकबंदी अधिकारियों के आने की भनक लगी, तो किसान इसके विरोध में गांव में एकत्रित हो गए। जानकारी पर भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अजय कटियार कार्यकर्ताओं के साथ गांव पहुंचे।


चकबंदी प्रक्रिया का विरोध करते पदाधिकारीगण

चकबंदी अधिकारियों ने गांव पहुंचकर लोगों से बात की। बात न बनने पर अधिकारी गुरुवार को आने की बात कहकर लौट गए। गुरुवार को अधिकारियों के गांव आने की सूचना पर जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांव पहुंचे। भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के होने की जानकारी पर चकबंदी अधिकारी गांव में पहुंचे, लेकिन विरोध को लेकर नापजोख नहीं की जा सकी। अधिकारियों के गांव से लौटने के बाद जिलाध्यक्ष अजय कटियार व अन्य कार्यकर्ता शाम थाने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष राजीव कुमार से भेंट कर बिना किसानों की सहमति के चकबंदी न होने की बात कही। जिस पर थानाध्यक्ष ने अपने फोन से अधिकारियों से किसानों की वार्ता कराई। अधिकारियों ने वार्ता करने के बाद ही कोई अग्रिम कार्यवाही का भरोसा दिया। जिसपर भाकियू कार्यकर्ता वापस लौट गए।

भाकियू जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने बताया कि गांव बराकेशब में पिछले पांच साल से चकबंदी प्रक्रिया का विरोध हो रहा है। जिसको लेकर प्रशासन ने पूर्व में बोटिंग भी कराई थी। जिसमें किसानों का विरोध सामने आया था, लेकिन प्रशासन जबरन चकबंदी करना चाहता है। हमारी मांग है कि सरकार के नियमानुसार प्रक्रिया से पूर्व 75 प्रतिशत किसानों की सहमति ली जाए। यदि किसान सहमत हो तो चकबंदी की जाए। यदि किसान असहमत है तो किसी भी कीमत पर चकबंदी न की जाए। गांव में छोटे छोटे किसान है। चकबंदी से उनका अस्तित्व खतरे में है। पूर्व में भी जिलाधिकारी से वार्ता हुई थी। जिसमें उन्होंने किसानों की समस्या का समाधान करने का वायदा किया था। इसके बाद भी अधिकारी बल पूर्वक चकबंदी करने का प्रयास कर रहे हैं। और विरोध करने वाले पर मुकदमा लिखने की धमकी दे रहे है। हम किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उसी क्रम में थानाध्यक्ष से बात हुई है, शुक्रवार को किसानों की एडीएम से बात कराई जाएगी। इसके बाद ही कोई निर्णय हो सकेगा। इस दौरान अरविंद शाक्य, अफरोज मंसूरी , राजू ठाकुर, प्रेम चंद , नाहर सिंह, विजय सिंह, रामवीर सिंह विक्की सिंह, आदि लोग रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के संबंध में बैठक सम्पन्न


बैठक लेते प्रभारी जनपद न्यायाधीश व मौजूद न्यायिक अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.05.2026 के सम्बन्ध में आज दिनांक 07.05.2026 को अभिनित्तम उपाध्याय प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फर्रुखाबाद की अध्यक्षता में ए.डी.आर भवन में बैठक सम्पन्न की गयी। इस बैठक का संचालन बिंदिया भटनागर पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फर्रुखाबाद द्वारा किया गया। अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण होने योग्य राजस्व/चकबन्दी/लघु फौजदारी/विद्युत विभा। आदि राजस्व मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। राजस्व वाद 222 मामले, फौजदारी वाद 857 मामले एवं प्रकीर्ण वाद 73512 मामले कुल 74591 मामले प्रशासन की ओर से चिन्हित किये गये हैं। आज की तैयारी बैठक में संजय कुमार षष्ठम अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, यदुवंश कुमार वर्मा उपजिलाधिकारी (राजस्व), विनोद कुमार एसडीओ, राधा रमण वरिष्ठ सहायक आदि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुये।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा नाले में पलटा, वृद्ध चालक घायल


घायल चालक


नाले में पलटा ई-रिक्शा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित ई-रिक्शा नाले में पलटने से वृद्ध चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी मुन्नालाल उम्र 70 वर्षीय पुत्र रामसेवक अपने ई-रिक्शे पर 15 बोरी मैदा की लादकर कुबेरपुर बेकरी पर ले जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम इज्जत गढ़ी पुलिया के पहुँचे, तभी उनका ई-रिक्शा अनियन्त्रित होकर नाले में गिर गया। जिससे मुन्नालाल गम्भीर रूप से घापल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायल मुन्नालाल को नाले से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। घटना के बाद दर्जनों लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गये।

## पॉक्सो एक्ट के मामले में दोष सिद्ध

- **सजा के बिंदु पर 11 मई की तिथि निहित है**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने नीतेंदर उर्फ सिंटू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर 11 मई की तिथि निहित है।

बीते छः वर्षों पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैं अपने परिवार सहित दिल्ली से गांव शादी समारोह में आया था। दिनांक 12 मई 2017 को समय करीब साढ़े छः बजे मेरी 11 वर्षीय पुत्री खेत में शौचक्रिया करने गई थी। वहां पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने मेरी पुत्री को दबोच लिया और उसके कपड़े फाड़ दिए और बलात्कार करने का प्रयास किया। मेरी पुत्री किसी प्रकार उनके चंगुल से भाग आई और पूरी घटना घर आकर बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने नीतेंद्र उर्फ सिंटू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 11 मई की तिथि नियत है।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया प्रारंभ, डीएम ने की जनपदवासियों से सहभागिता की अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा आज जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया में स्वयं भाग लेकर जनपदवासियों को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जनगणना-2027 की प्रक्रिया दिनांक 07 मई 2026 से प्रारंभ हो गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक दिनांक 21 मई 2026 तक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी भर सकते हैं। इसके लिए जनगणना निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराए गए पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। यह सुविधा पूर्णतः वैकल्पिक है। जो नागरिक स्व-गणना नहीं कर पाएंगे, उनके लिए 22 मई 2026 से जनगणनाकर्मी घर-घर जाकर आंकड़े संकलित करेंगे। उन्होंने बताया कि स्व-गणना हेतु नागरिक मोबाइल फोन अथवा लैपटॉप के माध्यम से पोर्टल पर जाकर प्रदेश का चयन करें तथा कैप्चर कोड भरें। इसके बाद परिवार पंजीकरण की प्रक्रिया में परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर एवं उपलब्ध होने पर ईमेल आईडी दर्ज करनी होगी। एक बार दर्ज किया गया परिवार मुखिया का नाम परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा तथा एक मोबाइल नंबर केवल एक परिवार के लिए मान्य होगा। ओटीपी सत्यापन के पश्चात भाषा का चयन कर जिला, पिनकोड एवं गांव अथवा शहर की जानकारी भरनी होगी। इसके उपरांत मानचित्र पर अपने घर का सही स्थान चिह्नित करना होगा तथा मकान एवं परिवार से संबंधित समस्त जानकारी भरनी होगी। अंतिम रूप से सबमिट करने से पूर्व नागरिक अपनी प्रविष्टियों की जांच कर सकते हैं, क्योंकि एक बार फार्म सबमिट होने के बाद उसमें संशोधन संभव नहीं होगा। फार्म सफलतापूर्वक जमा होने के बाद नागरिकों को 'एच' अक्षर से प्रारंभ होने वाली 11 अंकों की स्व-गणना पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा। 22 मई के बाद जब जनगणनाकर्मी घर आएंगे, तब यह संख्या उन्हें दिखानी होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना फार्म में कुल 34 प्रश्न होंगे। इनमें मकान संख्या, फर्श, दीवार एवं छत की सामग्री, मकान की स्थिति एवं उपयोग, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार मुखिया का नाम, लिंग एवं सामाजिक वर्ग आदि की जानकारी मांगी जाएगी। इसके अतिरिक्त पेयजल, बिजली, शौचालय, रसोई, एलपीजी/पीएनजी गैस कनेक्शन, मोबाइल, इंटरनेट, टेलीविजन, कंप्यूटर तथा वाहन (साइकिल, मोटरसाइकिल, कार आदि) संबंधी जानकारी भी देनी होगी। पहली बार परिवार में उपयोग होने वाले मुख्य अनाज के संबंध में भी जानकारी मांगी जाएगी।


कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर जिलाधिकारी व अन्य

जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा सही एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य कानूनी रूप से अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति जनगणना अधिकारी को जानकारी देने से इंकार करता है अथवा गलत जानकारी देता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा सकती है। दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष तक की सजा एवं एक हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

# 116 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे गए स्मार्टफोन

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- उमर्दा ब्लॉक में विधायक कैलाश राजपूत ने किया वितरण
- डिजिटल निगरानी से मजबूत होंगी योजनाएं

बाल विकास परियोजना उमर्दा के तहत बुधवार को 116 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। खंड विकास कार्यालय उमर्दा में आयोजित कार्यक्रम में तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने स्मार्टफोन वितरित कर कहा कि इससे आंगनबाड़ी सेवाओं में पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि अब कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकिंग, मातृ-शिशु स्वास्थ्य निगरानी, टीकाकरण और शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारी ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगी। इससे लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचेगा और निगरानी व्यवस्था भी मजबूत होगी। विधायक ने कार्यकत्रियों से तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था से बाल एवं मातृ कल्याण कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख उमर्दा, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कामर्शियल गैस सिलेण्डर की बढ़ी कीमतों को लेकर व्यापारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

व्यवसायिक गैस सिलेण्डर पर बढ़ती कीमतों को वापस लेने के लिए उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

कायमगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आह्वान पर नगर अध्यक्ष अमित सेठ ने पदाधिकारियों के साथ तहसील परिसर में पहुँचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन तहसीलदार हर्षित सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि व्यावसायिक गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता के कारण कुटीर उद्योग, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट कैन्टीन ठोली वाले मिष्ठान भंडार फेरी लगाकर खाद्य सामग्री बेचने वाले कारोबारियों के सामने अर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। व्यापारियों ने कहा केन्द्र सरकार ने वर्ष 2026, के लिए कमर्शियल गैस सिलेन्डर के दाम 2080, रुपये से बढ़ाकर, 3171, रुपये प्रति सिलेंडर कर दिए हैं। जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो गया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कौशल, जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष अमित सेठ, नगर महामंत्री संजीव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष वसीम अंसारी, नगर उपाध्यक्ष लखपति बाबू सक्सेना, नगर मंत्री मुकेश गुप्ता, मुस्तफा भाई, विनीत सक्सेना, महिला नगर अध्यक्षा मधु गंगवार, महिला नगर उपाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर आदि उपस्थित रहे।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण

## राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रवेश प्रारम्भ शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए एवं बीएससी प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। प्राचार्य डॉक्टर पवन चौहान ने कहा प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राएं शीघ्र ही वांछित प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय में सम्पर्क कर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। महाविद्यालय में प्रवेश फीस न्यूनतम है और छात्राओं को छात्रवृत्ति, स्मार्ट क्लास, वाई-फाई एवं कम्प्यूटर लैब आदि सुविधा उपलब्ध है। विगत वर्षों में महाविद्यालय में छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। छात्राओं का प्रवेश पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।

**छात्राओं का प्रवेश पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा**

# मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल संरक्षण पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में विकास खण्ड मोहम्मदाबाद में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोक चन्द्र शर्मा ने कहा कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का उद्देश्य है कि हम सभी मिलकर बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, देखरेख और भागीदारी के साथ साथ बाल भिक्षावृत्ति, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण आदि से बच्चों का संरक्षण करें। हमें प्रत्येक बच्चे का स्कूल में दाखिला कराना है। उन्होंने बताया कि आज के समय में बच्चों के द्वारा मोबाइल का अधिक मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है, जिससे उन्हें कई बीमारियां एवं समस्याएं होती है। साइबर अपराधी बच्चों को अपने जाल में फंसा कर ब्लैकमेल करते हैं, बेटियां भी बड़ी मुसीबत में आ जाती हैं। संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल विवाह रोकने हेतु अभियान चलाए जाने को अपील की और बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करने पर 1 लाख रुपए का जुर्माना एवं 2 वर्ष तक सजा का प्राविधान है, उन्होंने गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि सभी बच्चों का विद्यालय में पंजीकरण अवश्य कराएं, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा माता पिता के बैंक खाते में 1200 रूपये जूते मोजे, यूनिफॉर्म आदि के प्रेषित किए जाते हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सौरभ मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव कराएं जिससे कि जच्चा और बच्चा का जीवन सुरक्षित हो सके एवं प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल में निशुल्क बनाया जाता है अतः समय से जन्म प्रमाण पत्र बनवाएं। इस अवसर पर विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी गिरजा, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी सीडीपीओ विमलेश चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता, ब्लॉक समन्वयक विवेक आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद जिला बाल संरक्षण अधिकारी व अन्य


## खबरें एक नजर में

### आधुनिक चिकित्सा दृष्टिकोण और और पारंपरिक ज्ञान गर्भ संस्कार में महत्वपूर्ण



**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।** पारंपरिक ज्ञान एवं आधुनिक चिकित्सा दृष्टिकोण का समन्वय का माध्यम, गर्भवती महिला एवं गर्भस्थ शिशु के समग्र स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है,यह कहना था मेडिकल कॉलेज में आयोजित गर्भ संस्कार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में डा. संगीता सारस्वत एवं डा.प्रतिमा वर्मा का। बताते चलें कि, गुरुवार को कन्नौज जिले के तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में गर्भ संस्कार विषय पर आयोजित कार्यकम का शुभारम्भ कॉलेज के प्राचार्य सीपी पाल और विभागाध्यक्ष डा. सपना सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न विभागों के रेजिडेंट चिकित्सकों की भी सहभागिता रही। गर्भ संस्कार, विषय पर आयोजित ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक कार्यकम में चिकित्सकों द्वारा जानकारी दी गई कि, किस प्रकार गर्भावस्था के दौरान सकारात्मक सोच, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, संगीत एवं स्वस्थ्य जीवन शैली की भूमिका प्रमुख है। गर्भ संस्कार विषय पर आयोजित सेमिनार में शैक्षणिक एवं जागरूकता सहित चिकित्सा शिक्षा के प्रचार प्रसार और समाज में सकारात्मक संदेश की महत्वपूर्ण भूमिका का संदेश देने वाले स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की चिकित्सकीय टीम को कार्यकम की सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य सीपी पाल, सीएमएस दिलीप सिंह, आदि प्रमुख चिकित्सा विभाग के लोगों ने बधाई दी है।

### अधिवक्ता और सपा नेता के खिलाफ तहसीलदार ने लिखाया मुकदमा



**तिर्वा,कन्नौज।** न्यायालय में तोड़फोड़ करने, सरकारी रिकॉर्ड फाड़ने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप एक अधिवक्ता पर लगाते हुए तिर्वा तहसीलदार अवनीश कुमार ने तिर्वा कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। बताते चलें कि, तिर्वा तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार के पद पर अवनीश कुमार कार्यरत हैं,जबकि सुधीर यादव अधिवक्ता के रूप में। सुधीर यादव सपा नेता भी हैं और पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। मामला बीती 17 अप्रैल का बताया जा रहा है। मामले को लेकर तहसीलदार अवनीश कुमार के मुताबिक वह बीती 17 अप्रैल को सरकारी कार्य से लखनऊ गए हुए थे। इस दौरान अधिवक्ता द्वारा न्यायालय की कुर्सी को फेंक दिया गया, सरकारी रिकॉर्डों से छेड़छाड़ की गई, एक निर्णय आदेश की आर्डर सीट फाड़कर अपनी जेब में रख ली गई। इसके अलावा फटी हुई सीट उनके द्वारा एसडीएम के सामने भी पेश की गई। मामले में बीती 6 मई को कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक तहसीलदार का आरोप था कि, अधिवक्ता ने एसडीएम राजेश कुमार, नायब तहसीलदार सतीश कन्नौजिया, एक सरकारी अधिवक्ता की मौजूदगी में गोली मारने की धमकी भी दी। बताते चलें कि उपरोक्त मामले को लेकर जहां तहसील मुख्यालय पर गहमा गहमी का माहौल नजर आ रहा है वहीं तहसीलदार की लिखित शिकायत पर तिर्वा कोतवाली पुलिस ने अधिकवक्ता के खिलाफ न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने, सरकारी रिकॉर्डों से छेड़छाड़ करने, धमकी देने के मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 333, 324(3), 352, 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले को लेकर गुरुवार की सायं अधिवक्ताओं की एक बैठक भी तहसील परिसर में आयोजित की गई।

# भाकियू धरती पुत्र की पंचायत में उठीं जनसमस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला जवाहरगंज में प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन धरती पुत्र की पंचायत हुई। सर्वसम्मति से कहा गया कि महंगाई, भ्रष्टाचार, मिलावटखोरी, घूसखोरी, मुनाफाखोरी और शिक्षा के गिरते स्तर इलाज के अभाव में बच्चे एवं बूढ़ों की असमय मौत हो रही है। वहीं परिवहन विभाग व पुलिस विभाग की अनदेखी से मार्ग दुर्घटना में वृद्धि हुई है। अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित हो रहा है, जाम की स्थिति बनी रहती है, सड़क दुर्घटना में मौतो की संख्या लगातार बढ़ रही है, तिपहिया वाहन सीट में बारह बारह सवारियां बैठा ली जा रही हैं। संबंधित विभाग अनदेखी की कर रहा है। सरकार के अंधभक्त भारत को विश्व गुरु की संज्ञा दे रहे हैं भारत के दो महान भारत के गुरु जरूर हैं जो देश को गरीबी बेरोजगारी में धकेल रहे हैं। जिन्होंने देशवासियों के हाथ में कटोरा थमा दिया, फिर भी कह रहे हैं मोदी है तो मुमकिन है, देशवासियों को महंगाई और अत्याचार से उनके रहते निजात नहीं मिलेगी, वोट चोरी बढ़ रही है इसका जीता जाता उदाहरण बंगाल है, देश के उद्योगपति मिलावटी घी तेल दूध प्रोडक्ट बेचकर आम जनमानस के जीवन से खिलवाड़ ही नहीं कर रहे घटतौली भी कर रहे हैं। 1 लीटर भारती का भी तेल का पाउच अब 650 एम.एल. तक बिक रहा है, यह वोट चोरी का कमाल है, स्मार्ट मीटर के लिए आंदोलन चल रहा है जिससे बिजली का बिल दुगना चौगुना हो चुका है, भ्रष्ट घूसखोर उपजिलाधिकारी कायमगंज की वजह से रेवेन्यू वकील आंदोलनरत हैं, भारतीय किसान यूनियन धरती पुत्र उनके आंदोलन का समर्थन करता है। एसडीएम कायमगंज के कृत्यों की जांच होनी चाहिए। गैस सिलेंडर न मिलने से देहांत में किसानों के चूल्हे नहीं जल रहे हैं, कायमगंज में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह फेल है। हर 10 मिनट पर बिजली जाती है तार जोड़ने एवं चेकिंग के नाम से अवैध वसूली हो रही है। विद्युत रोस्टर के अनुसार विद्युत लगातार दी जाए है। गांव भगवतीपुर की जमीन सीचएच-41 व 45 स्कूल में दर्ज है। वक्त जमीन राकेश व सुशील कुमार बगिया मांगू लाल के नाम कैसे दर्ज हो गई। जांच कराई जाए। उपरोक्त समस्या जिलाधिकारी संज्ञान में लेकर जांच कराकर कार्रवाई करें। इस मौके पर विजय सिंह शाक्य, महिपाल सिंह, रामलाल गुप्ता, राज सिंह शाक्य, वीरेंद्र गुप्ता आदि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण

## दलित युवक की हत्या के मामले में आरोपी पर दोष सिद्ध

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एव सत्र न्यायाधीश विशेष एस सी एस टी एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने हिमांशु पुत्र सुखेंद्र निवासी मँझना नवाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर 11 मई की तिथि निहित है बीते पांच वर्षों पूर्व पुलिस अधीक्षक को फतेहगढ़ को विश्वनाथ जाटव पुत्र रामलाल जाटव निवासी मझना ने प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया कि मेरी पत्नी बसंती देवी बाहर मेहनत मजदूरी करते है मेरी पुत्री संगीता के मझना में अपने चाचा के साथ रहती थी पुत्री को गांव के ही हिमांशु ,मोनू पुत्रगण सुखेंद्र , संजीव पुत्र रवि राठौर दिनांक 12 जुलाई 2021 को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया भाई ने सूचना दी मेरी पुत्री की शादी तय हो चुकी मेरी पुत्री की गोद भराई की रश्म भराई भी हो चुकी ससुराल वालों ने एक सोने की लर, तोड़िया, एक अंगूठी , व नगद 20 हजार रुपए हिमांशु , मोनू ,संजीव , हिमांशु की बहन , हिमांशु के बहनोई पुत्री को घर से निकलकर ले गए मेरी पुत्री 29 अक्टूबर 2021 को अपने गांव वापस आई तब जानकारी हुई फिरोजाबाद में हिमांशु के घर बंधक बनाकर रखा है हिमांशु ने बिना मर्जी के बलात्कार किया जब पुत्री ने हिमांशु से शादी करने की बात कई तब हिमांशु ने कहा साली चमट्टी तेरे साथ शादी कौन करेगा इसी बात को लेकर तेजाब पीला दिया पुत्री हालत खराब हो गई उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार हिमांशु के खिलाफ माननीय न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने हिमांशु को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर 11 मई की तिथि निहित है।

# न.पं. कर्मियों व सभासदों के बीच चल रहा विवाद समाप्त


विवाद समाप्त करते नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी व मौजूद सभासदगण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत के कर्मचारी और सभासदों के बीच चल रहे मतभेद को नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी के प्रयास से समाप्त हो गया। जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर पंचायत के सभासदों का मनभेद कुछ लोगों द्वारा गलतफहमी फैलाकर कर्मचारियों के बीच उत्पन्न कर दिया था। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी ने बताया की कुछ लोग नगर पंचायत के छवि धूमिल करने के उद्देश्य से सभासद और कर्मचारियों को बीच गलतफहमी पैदा कर दी। जिसको लेकर आपसी मनमुटाव चल रहा था। प्रधानमंत्री आवास को लेकर किसी प्रकार का कोई शुल्क किसी से नहीं लिया जा रहा है। गुरुवार को शमशाबाद नगर पंचायत के सभासद व नगर पंचायत के कर्मियों के बीच चल रहे मतभेद को मध्यस्थता कराकर समाप्त कर करा दिया गया। सभासदों ने कहां की हम लोगों के बीच किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं है। नगर पंचायत का पूरा सहयोग करते आए हैं और करते रहेंगे। इस दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष पति नदीम अहमद फारुकी, दीपक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रूखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांक 163/1-30/2025-26 — दिनांक 07.05.2026

### ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार 15वीं वित्त आयोग अनटाइड मद में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस संख्या- दिनांक

1. निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. आमंत्रित निविदा दिनांक 16.05.26 अपरान्ह 4:00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
3. अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वांछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ निर्धारित तिथि व समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4. निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 16.05.25 को अपरान्ह 4:30 बजे खोली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**फर्रूखाबाद।**

## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद- फर्रुखाबाद।

पत्रांक-747/न.पं.कम्पिल/15वॉ.वि.आ./ई.नि.सू./2025-26 — दिनांक- 07.05.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय फर्रुखाबाद के समक्ष कमेटी द्वारा पत्र दिनांक 06 मार्च 2026 के माध्यम से विकास कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलॉइन ही eProcurement System Government of Uttar Pradesh आमंत्रित की जाती हैं। जिनका समयावधि निम्नवत् है।

| E-Bid Referance | 747/ न.पं.कम्पिल / 2025-26 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 08.05.2026 10:00 AM |
| Start Date And Time For E-Bids | 08.05.2026 10:00 AM |
| Last Date & Time For Submission of E-Bids | 29.05.2026 05:00 PM |
| Date And Time of Opening E-Bids | 30.05.2026 11:00 AM |
| Palace Of Opening of E-Bids | Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad. |

उक्त में से बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त में से बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा कमेटी में निहित होगा। विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in/eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर उपलब्ध है।

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रूखाबाद।**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रूखाबाद।**


# महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण 9 मई को, आयेंगे मंत्रीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बस अड्डे पर स्थापित अश्वरोही राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा का वैदिक रीतिरिवाज व हवन पूजन कर अनावरण किया जायेगा। आगामी 9 मई को जन्म दिवस के अनुसार पर मंत्री जयवीर सिंह और दयाशंकर सिंह प्रतिमा का अनावरण करेंगे। जिसमें जनप्रतिनिधियों के अलावा अन्य लोगों भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने समीक्षा बैठक में कहा कि रोडवेज बस स्टेशन पर स्थापित महाराणा की अश्वरोही प्रतिमा का अनावरण करने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ ही सांसद, विधायकों के साथ ही आस-पास जिलों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया महाराणा जयंती पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के लिए मंत्री जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह के साथ ही अन्य नेताओं को न्योता देकर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम आ गया है। सुबह 10 बजे दोनों मंत्रियों का आगमन प्रस्तावित है इस भव्य अनुष्ठान में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कई दिग्गज नेताओं भी आमंत्रित किए गए हैं। यह फर्रुखाबाद के लिए गौरव का पल होगा। उन्होंने बताया, फर्रुखाबाद के आसपास के जिलों के भी समाज से जुड़े जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा फर्रुखाबाद के लिए गौरव का पल है। उन्होंने मनभेद हटाने और एकजुटता लाने का आग्रह किया। उन्होंने सभी से नौ मई के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों से जुटने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा, क्षत्रिय समाज ने वीरता का परिचय देकर राष्ट्र के लिए सर्वस्व बलिदान किया। अनिल प्रताप सिंह राठौर, राम बहादुर सिंह राठौर ने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती पर्व पर नौ मई को फर्रुखाबाद रोडवेज बस स्टेशन पर ऐतिहासिक जुटान हो रहा है। राष्ट्र एकता संकल्प के रूप में हम अपने हिस्से का योगदान भी सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में संगठन वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू सहित फर्रुखाबाद होटल राजपूताना में रितेश राठौर, हैपी ठाकुर, राहुल राठौर, मंथन राठौर, वैभव सोमवंशी. अरविन्द परिहार (कोषाध्यक्ष), रामबहादुर सिंह (पूर्व जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा), अनिल प्रताप सिंह राठौर, आशुतोष राठौर आदि मौजूद रहे। मूर्ति अनावरण को लेकर नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर मूर्ति स्थल के पास भर पानी को निकाल कर चबूतरे को ऊंचा कर साफ सफाई कराई जा रही है।


प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई करते नगर पालिका के कर्मचारी

